उज्जैन
बुधवार
23
सितम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-320
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ 160 पेड़ काटेंगे, नए लगाएंगे यहां के पक्षी वहां बैठ जाएंगे-इंदौर मेट्रो प्रबंधन
7 ▸ एशियन गेम्स : महिला क्रिकेट टीम ने भारत को गोल्ड दिलाया

# इंदौर में आज 'नो यूपीआई डे', व्यापारियों ने काले कपड़े से ढके क्यूआर कोड

## दो हजार रुपए से अधिक के डिजिटल भुगतान पर प्रस्तावित शुल्क का विरोध, 125 से अधिक व्यापारिक संगठन अभियान में शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

डिजिटल भुगतान व्यवस्था में प्रस्तावित बदलाव के विरोध में इंदौर के व्यापारियों ने आज 23 सितंबर को नो यूपीआई डे मनाने का निर्णय लिया है। शहर के विभिन्न बाजारों में व्यापारी एक दिन के लिए यूपीआई से भुगतान स्वीकार नहीं कर रहे हैं। अनेक प्रतिष्ठानों पर यूपीआई के क्यूआर कोड और भुगतान संबंधी साउंड बॉक्स को काले कपड़े से ढककर विरोध दर्ज कराया जा रहा है। इस अभियान में 125 से अधिक व्यापारिक संगठनों के शामिल होने की जानकारी है।

व्यापारियों का मुख्य विरोध दो हजार रुपए से अधिक के व्यापारी-भुगतान पर प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को लेकर है। व्यापारिक संगठनों का कहना है कि बड़े मूल्य के डिजिटल लेन-देन पर शुल्क लगने से कारोबारियों की लागत बढ़ेगी। विशेषकर ऐसे व्यापार जिनमें प्रतिदिन बड़ी राशि के भुगतान डिजिटल माध्यम से होते हैं, उन पर इसका सीधा आर्थिक प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है।



**बड़े कारोबारियों में अधिक चिंता-** कपड़ा, सराफा, किराना, थोक व्यापार, ऑटोमोबाइल सहित कई कारोबारों में दो हजार रुपए से अधिक के लेन-देन सामान्य रूप से होते हैं। व्यापारियों का तर्क है कि ऐसे भुगतान पर शुल्क लगाए जाने से पहले ही कम मार्जिन पर कारोबार करने वाले व्यापारियों की लागत बढ़ सकती है। उनका कहना है कि डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के बाद उस पर शुल्क लगाने की व्यवस्था व्यापारियों के लिए अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन सकती है।

**15 अक्टूबर से प्रस्तावित है नई व्यवस्था-** व्यापारिक संगठनों के विरोध का संबंध 15 अक्टूबर से प्रस्तावित उस व्यवस्था से है, जिसके तहत पात्र दो हजार रुपए से अधिक के व्यापारी-से-ग्राहक यूपीआई लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगाया जाना प्रस्तावित है। हालांकि सभी यूपीआई लेन-देन इस व्यवस्था के दायरे में नहीं होंगे और छोटे मूल्य के भुगतान के लिए अलग प्रावधान बताए गए हैं।

### क्यूआर कोड पर काला कपड़ा

नो यूपीआई डे के तहत शहर के कई बाजारों में व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों पर लगे यूपीआई क्यूआर कोड और साउंड बॉक्स को काले कपड़े से ढककर सांकेतिक विरोध किया। व्यापारियों का कहना है कि यह अभियान ग्राहकों के विरोध में नहीं है, बल्कि प्रस्तावित शुल्क व्यवस्था के प्रति असहमति दर्ज कराने के लिए किया जा रहा है। व्यापारिक संगठनों ने अपने सदस्यों से एक दिन यूपीआई भुगतान से दूरी बनाए रखने का आह्वान किया है।

### ग्राहकों को भी दी जा रही जानकारी

व्यापारिक संगठनों की ओर से ग्राहकों को भी प्रस्तावित शुल्क व्यवस्था की जानकारी दी जा रही है। बाजारों में पोस्टर और सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान चलाकर व्यापारियों से विरोध में शामिल होने की अपील की गई है। संगठनों का प्रयास है कि एक दिन यूपीआई भुगतान बंद कर सरकार और संबंधित संस्थाओं तक व्यापारियों की आपत्ति पहुंचाई जाए।

### पेट्रोल पंपों को लेकर भ्रम से बचने की अपील

- इस बीच सोशल मीडिया पर पेट्रोल पंपों पर भी दो हजार रुपए से अधिक का यूपीआई भुगतान बंद होने संबंधी दावे सामने आए हैं। इंडियन ऑयल की ओर से ऐसे दावों को भ्रामक बताया गया है। इसलिए इंदौर के व्यापारियों के नो यूपीआई डे को पेट्रोल पंपों पर यूपीआई भुगतान बंद होने से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।
- एक दिन का यह विरोध इंदौर के व्यापारिक क्षेत्र में डिजिटल भुगतान को लेकर चल रही बहस को सामने ला रहा है। व्यापारी संगठन प्रस्तावित शुल्क व्यवस्था में बदलाव की मांग कर रहे हैं, जबकि यूपीआई भुगतान व्यवस्था को लेकर आगे होने वाले निर्णय पर अब व्यापारिक क्षेत्र की नजर रहेगी।



## गोविंदा रूमर्ड गर्लफ्रेंड कोमल रानी संग लालबागचा राजा पहुंचे

### कुछ देर पहले पत्नी सुनीता अकेले पहुंची थीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

गोविंदा मंगलवार शाम रूमर्ड गर्लफ्रेंड कोमल रानी स्वर्णकार के साथ मुंबई के लालबागचा राजा पहुंचे। दोनों ने बप्पा के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। दोनों के अफेयर के रूमर्स फिर तेज हो चुके हैं, क्योंकि गोविंदा और रानी से कुछ देर पहले ही सुनीता आहूजा अकेले दर्शन करने पहुंची थीं। जबकि पिछले साल तक गोविंदा-सुनीता साथ गणेशोत्सव सेलिब्रेट करते आए हैं। दर्शन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। गोविंदा और कोमल रानी ने पंडाल में प्रसाद चढ़ाया। दोनों ने पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। पुजारी ने दोनों के माथे पर तिलक लगाया। दर्शन के बाद गोविंदा ने बाहर मौजूद फैंस से हाथ हिलाकर मुलाकात की। गोविंदा और रानी स्वर्णकार से कुछ समय पहले ही सुनीता आहूजा भी लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंची थीं। सुनीता अकेले ही अपनी सिक्योरिटी टीम के साथ पहुंची थीं। सुनीता आहूजा ने दिसंबर 2025 में गोविंदा से तलाक की अर्जी दाखिल की थी, हालांकि 19 अगस्त को उन्होंने अर्जी वापस ले ली है। इस दौरान राखी सावंत से कॉल पर बात करते हुए सुनीता ने दावा किया है कि तलाक के बाद गोविंदा कोमल से शादी करने वाले थे, यही वजह है कि उन्होंने तलाक का केस वापस ले लिया है।

## देश

- **ग्वालियर में** सिंधिया के कार्यक्रम में काले झंडों से हंगामा लात-घूंसे और कुर्सियां चलने के बाद पुलिस ने संभाला मोर्चा
- **वंदे मातरम्** के सभी छह अंतरे गाना अनिवार्य करने के नियम को चुनौती, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब
- **जम्मू-कश्मीर** : रामबन में कार से दो पुलिसकर्मियों के शव मिले, मौत की वजह स्पष्ट नहीं, यह इलाका कश्मीर से जुड़ने वाला जरूरी ट्रांजिट रूट
- नीट-यूजी फर्जी सर्टिफिकेट केस में 2 गिरफ्तार, एमबीबीएस में एडमिशन के लिए मांगे थे 45 लाख, 3 बच्चे 20-20 लाख एडवांस दे चुके थे
- **राज्यसभा** की 12 सीटों पर 16 अक्टूबर को वोटिंग, बंगाल-उत्तराखंड में एक-एक और यूपी की 10 सीटें शामिल, एनडीए-सपा को 1 सीट बढ़ने की संभावना
- **शरजील इमाम** को 7 दिन की अंतरिम जमानत, चचेरे भाई की शादी में शामिल होंगे, 7 महीने पहले भी 10 दिन की पेरोल मिली थी

## विदेश

- **न्यूयॉर्क में** अमेरिका-ईरान के बीच 3 घंटे बातचीत, ट्रम्प बोले- चर्चा अच्छी रही, जल्द फिर बैठक होगी, ईरान ने होर्मुज खोलने की शर्तें बताईं
- **तुर्किये राष्ट्रपति** ने यूएन में फिर कश्मीर मुद्दा उठाया, 2019 से 7 बार जिक्र कर चुके, फिलिस्तीन का नाम लिया तो इजराइली अधिकारी बाहर निकले
- **जिनपिंग** 11 साल बाद आज अमेरिका जाएंगे, ट्रम्प एयरपोर्ट पर स्वागत करने जाएंगे, व्हाइट हाउस में राजकीय डिनर होगा, ट्रेड, एआई और ताइवान पर बातचीत
- **पाकिस्तान** ने 2 हजार पूर्व अफगान सैनिक भर्ती किए, इनमें से कई तालिबान के खिलाफ लड़ चुके, अब बलूच विद्रोहियों से लड़ेंगें

## व्यापार

- **नाटो को सिक्योर** क्लाउड कंप्यूटिंग सर्विस देगा अमेजन, इससे डेटा लीक नहीं होगा, सूचनाएं शेयर करना सेफ रहेगा, यह पर्सनल इंटरनेट सिस्टम जैसा
- **ट्राई का टेलीकॉम** कंपनियों को आदेश, लो-इनकम वाले यूजर्स के लिए कम वैलिडिटी के वॉइस और रटर रिचार्ज प्लान लाएं

## कार्टून..




### मध्यप्रदेश में शराबकांड के दो आरोपियों का एनकाउंटर

# नोनिया के जंगल में मुठभेड़, मनीष के पैर में गोली लगी, आशीष भागते समय घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर

सागर के बंडा शराबकांड मामले में फरार मुख्य आरोपी मनीष लोधी और आशीष साहू को पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया है। दोनों पर 30-30 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार, बुधवार तड़के 3 बजे नोनिया-सेसई रोड घाटी, थाना मालथौन क्षेत्र में आरोपियों का पुलिस टीम से सामना हुआ। पुलिस के मुताबिक, घेराबंदी के दौरान मनीष लोधी और उसके साथी आशीष साहू ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।

जवाब में पुलिस ने भी फायर किए। इस दौरान मनीष लोधी के पैर में गोली लगी। वहीं, गिरफ्तारी से बचने के लिए भाग रहा आशीष साहू भी घायल हो गया।



### दो देसी कट्टे और 5 राउंड कारतूस जब्त

पुलिस टीम ने मौके से दोनों आरोपियों के कब्जे से 2 देशी कट्टे, 5 राउंड कारतूस और एक बेसबॉल डंडा बरामद किया है। दोनों घायल आरोपियों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने घटनास्थल पर जरूरी कार्रवाई करते हुए हथियार और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण भी कराया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, मामले में नियमानुसार कार्रवाई और जांच जारी है।

### शराबकांड में किसकी-क्या भूमिका

जांच में शराब बनाने से लेकर गांवों तक सप्लाई करने तक कई लोगों की भूमिका सामने आई है। मामले में पुलिस अब तक 52 लोगों को आरोपी बना चुकी है। इनमें से 39 गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि 11 अब भी फरार हैं। वहीं, आरोपी रामसिंह और दिनेश शिवहरे की जहरीली शराब पीने के बाद मौत हो चुकी है।

- **मनीष लोधीः बरेठी शराब दुकान का लाइसेंसी ठेकेदार-** आरोपी मनीष उर्फ यशवंत लोधी बरेठी में स्थित शराब दुकान का लाइसेंस ठेकेदार था। घटनाक्रम के बाद प्रशासन ने ठेका निरस्त कर दिया है। इसी ठेके के संचालन और अवैध शराब सप्लाई में आरोपी आशीष साहू भी मदद करता था।
- **अपराध दर्ज थे तो नाम बदलकर शराब ठेका लिया-** आरोपी मनीष लोधी के खिलाफ अलग-अलग थानों में 11 अपराध दर्ज हैं। आपराधिक रिकॉर्ड होने पर अपना नाम बदलकर यशवंत सिंह ठाकुर रखा। इसी नाम से उसने बरेठी शराब दुकान का ठेका लिया था। आरोपी ने यशवंत को अपना भाई बताया था। जबकि यशवंत वह खुद था। मामला उजागर होने पर आबकारी पुलिस ने आरोपी पर धोखाधड़ी का भी मामला दर्ज कराया है।
- **रवि लखेराः शराब बनाने का मास्टरमाइंड-** रवि लखेरा मूल रूप से छतरपुर जिले के महोबा का रहने वाला है। वह लंबे समय से उत्तर प्रदेश के ललितपुर की गंगापुरम कॉलोनी में रहता है। पुलिस के मुताबिक, वह अंतरराज्यीय शराब तस्कर है। मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश समेत कई थानों में उसके खिलाफ करीब 25 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें सबसे ज्यादा आबकारी एक्ट के हैं। पुलिस ने बताया कि रवि को शराब बनाने और इसमें इस्तेमाल होने वाले सामान की अच्छी जानकारी है। वह अपनी टीम के जरिए नकली शराब तैयार करवाता था।
- **मनीष लोधीः नकली शराब नेटवर्क तैयार किया-** मनीष लोधी उर्फ यशवंत सिंह बरेठी शराब दुकान का लाइसेंसी ठेकेदार है। उसने रवि से शराब बनाने का तरीका सीखा। लाइसेंसी कारोबार की आड़ में नकली शराब का धंधा शुरू किया। मनीष पर 11 अपराध दर्ज हैं, जिनमें 6 आबकारी एक्ट से जुड़े हैं। बंडा में सागर रोड पर उसका बार भी था, जिसे मामला सामने आने के बाद सील कर दिया गया।

### डीजीपी कैलाश मकवाना के निर्देश

# सोशल मीडिया को लेकर पुलिसकर्मियों के लिए 24 बिंदुओं की गाइडलाइन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुलिसकर्मियों द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर पुलिस मुख्यालय ने नई गाइडलाइन जारी की है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा जारी 24 बिंदुओं की इस गाइडलाइन में फेसबुक, वाट्सएप, एक्स, इंस्टाग्राम और यू-ट्यूब सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के उपयोग को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इसका उद्देश्य पुलिस विभाग से जुड़ी संवेदनशील, गोपनीय और आधिकारिक जानकारी के अनधिकृत प्रसार को रोकना तथा पुलिसकर्मियों के सोशल मीडिया उपयोग के लिए स्पष्ट नियम तय करना है।

गाइडलाइन के अनुसार पुलिस अधिकारी और कर्मचारी अपने सरकारी अथवा निजी सोशल मीडिया अकाउंट से शासन के निर्णयों और नीतियों की सार्वजनिक रूप से आलोचना नहीं करेंगे। वरिष्ठ अधिकारियों या सहकर्मियों के खिलाफ अपमानजनक अथवा उनकी गरिमा प्रभावित करने वाली टिप्पणियां करने से भी बचना होगा। ऐसी किसी सामग्री को पोस्ट या साझा नहीं किया जाएगा, जिससे पुलिस विभाग में मतभेद अथवा अनुशासनहीनता की स्थिति उत्पन्न हो।शासकीय दस्तावेज साझा करने पर रोक, ऐसे शासकीय दस्तावेज, जिन्हें सार्वजनिक किया जाना नियमों के विरुद्ध है, उन्हें सोशल मीडिया पर साझा नहीं किया जा सकेगा। दस्तावेजों की स्कैन कॉपी, स्क्रीनशॉट अथवा किसी अन्य माध्यम से प्राप्त सामग्री को भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करने पर रोक रहेगी। पुलिस विभाग के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से भी बिना अधिकृत अनुमति कोई पोस्ट नहीं की जा सकेगी। किसी अपराध की जांच अथवा विवेचना चल रही हो या मामला न्यायालय में लंबित हो, तो उससे संबंधित ऐसी कोई जानकारी सोशल मीडिया पर साझा नहीं की जाएगी, जिससे जांच अथवा अभियोजन प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका हो। पुलिस कार्रवाई के दौरान जब्त की गई सामग्री अथवा हथियारों की बिना सील वाली फोटो और वीडियो को भी सरकारी या निजी सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करने की अनुमति नहीं होगी।

## कैंसर की दवा की 10 गुना कीमत क्यों वसूल रहेः कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जीवनरक्षक दवाओं, खासकर कैंसर की दवाओं की कीमतों पर गंभीर चिंता जताई। सुनवाई के दौरान जस्टिस संदीप मेहता ने कहा- यह मरीजों के साथ दिनदहाड़े डकैती है। कोर्ट ने रिटेलर कीमत और मैक्सिमम रिटेल प्राइज यानी एमआरपी के बीच के मार्जिन पर सवाल उठाए। बेंच ने जरूरी दवाओं की ऐसी कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं होने पर भी सवाल उठाया। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि कुछ दवाएं रिटेलर करीब 2,700 रु. में खरीदते हैं। इन्हें मरीजों को 27,000 की एमआरपी पर बेचा जाता है। जरूरी दवाओं के लिए ऐसी कीमतें कैसे तय करने दी जा सकती हैं।

## टूथपेस्ट, साबुन और शैंपू पर लाल-हरा निशान लगाना जरूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने टूथपेस्ट, साबुन, शैंपू, कॉस्मेटिक्स और अन्य टॉयलेटरीज के पैकेट पर हरा या लाल/भूरा बिंदु लगाना अनिवार्य कर दिया है। शाकाहारी सामग्री वाले प्रोडक्ट पर हरा, जबकि मांसाहारी सामग्री वाले प्रोडक्ट पर लाल या भूरा डॉट लगाना होगा। यह निशान पैकेट के मुख्य डिस्प्ले पैनल के ऊपरी हिस्से में लगाया जाएगा। सरकार ने लीगल मेट्रोलॉजी (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, 2011 में संशोधन कर यह प्रावधान लागू किया है। 21 सितंबर को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नियम प्रभावी हो गए। नारियल, जैतून, एलोवेरा, शीया बटर जैसी सामग्री पौधों से मिलती है।

# राजा रघुवंशी हत्याकांड के आरोपी सिलोम जेम्स पर इंदौर में हमला

## कार हटाने को लेकर हुआ विवाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में सह-आरोपित बनाए गए प्रॉपर्टी ब्रोकर सिलोम जेम्स पर इंदौर में हमला किए जाने का मामला सामने आया है। लसूड़िया थाना पुलिस ने कार सवार लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शुरूआती विवाद सड़क पर खड़ी कार को हटाने को लेकर हुआ, जिसके बाद कहासुनी मारपीट में बदल गई।

पुलिस के अनुसार घटना बॉम्बे अस्पताल के सामने की है। महालक्ष्मी नगर निवासी सिलोम जेम्स प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने का काम करता है। घटना के समय उसकी पत्नी कार से वहां से निकल रही थी। रास्ते में एक फॉर्च्यूनर कार खड़ी थी। रास्ता नहीं मिलने पर सिलोम की पत्नी ने कार हटाने के लिए हॉर्न बजाया। आरोप है कि इसके बाद फॉर्च्यूनर में सवार लोगों ने विवाद शुरू कर दिया। मामला बढ़ने पर सिलोम जेम्स बीच-बचाव करने पहुंचा, जहां उसके साथ मारपीट किए जाने की शिकायत पुलिस को दी गई। शिकायत के मुताबिक सिलोम की पत्नी को कार से उतरकर रास्ता साफ करने के लिए कहना पड़ा। इसी दौरान कार चालक द्वारा उसके साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया गया है। इसके बाद सिलोम ने मामले को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन विवाद बढ़ गया।



### राजा रघुवंशी मामले से जुड़ा होने के कारण चर्चा में आया नाम

लसूड़िया पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित कार सवारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले में पुलिस घटना के दौरान मौजूद लोगों और आसपास उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ा रही है। सिलोम जेम्स का नाम राजा रघुवंशी हत्याकांड की जांच के दौरान सामने आया था। जांच एजेंसी ने उसे मामले में सह-आरोपित बनाया था। 2025 में दाखिल मुख्य आरोपपत्र के बाद उसके खिलाफ पूरक आरोपपत्र की कार्रवाई की गई थी। न्यायिक रिकॉर्ड में उसके खिलाफ हत्या, साक्ष्य मिटाने और आपराधिक साजिश से संबंधित धाराओं का उल्लेख किया गया है। जांच के दौरान सामने आया था कि सोनम रघुवंशी इंदौर लौटने के बाद जिस आवासीय परिसर में ठहरी थी, वह व्यवस्था सिलोम जेम्स से जुड़ी थी। इसी कड़ी में उसका नाम जांच के दायरे में आया था। बाद की कार्रवाई में दो अन्य व्यक्तियों को जांच के बाद दोषमुक्त किए जाने की जानकारी भी सामने आई थी, जबकि सिलोम जेम्स के खिलाफ कार्रवाई जारी रही।

## 28 से 30 सितंबर तक बैंकों में 3-दिन हड़ताल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश भर के बैंक कर्मचारी 28, 29 और 30 सितंबर को 3 दिन की देशव्यापी हड़ताल करेंगे। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस यानी यूएफबीयू ने कहा कि वह हड़ताल टालने के मूड में नहीं है।

22 सितंबर को इंडियन बैंक्स एसोसिएशन और वित्त मंत्रालय के डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज के साथ हुई सुलह वार्ता बेनतीजा रही, जिसके बाद यूनियंस ने यह फैसला लिया है। बैंक यूनियंस लंबे समय से हफ्ते में 5 दिन काम यानी 5-डे वर्किंग की मांग कर रही हैं। यूनियंस का कहना है कि मार्च 2024 में बाइलेटरल वेज रिवीजन एग्रीमेंट के तहत 5-डे बैंकिंग पर सहमति बनी थी और इस पर हस्ताक्षर भी हुए थे, लेकिन सरकार ने इसे अब तक लागू नहीं किया है। इससे पहले यूनियंस ने 11 सितंबर को 1 दिन की हड़ताल की थी और मांग न माने जाने पर 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी भी दी है।



## गणेश गैलरी



अशोकनगर मे भव्य ग्रुप द्वारा स्थापित फ्रीगंज के युवराज गणेश

## अपनेतक

### बाबा के राज मे सभी अलबेले

शहर की यातायात व्यवस्था बाबा महाकाल के भरोसे ही चल रही है। पर्व व त्योहार के दौरान भी चौराहो पर यातायात पुलिसकर्मी नदारत या नवआरक्षक किसी कोने मे बैठकर मोबाइल चलाने मे व्यस्त। अलग अलग क्षेत्रों से आए नवआरक्षक भी बाबा की धरती की तासीर मे रंग गए लगते हैं। ये किसी गुमटी या छांव मे आराम से बेखौफ होकर मोबाइल चलाते हैं और ट्राफिक को कंट्रोल तो बाबा भोलेनाथ करवा ही देंगे जो स्वयं पूरी सृष्टि का संचालन करता हो तो उसके लिए ट्राफिक कंट्रोल तो बहुत ही मामूली काम है। यातायात के वरिष्ठ कर्मचारी और अधिकारी प्रदेश के मुखिया की व्यवस्था को तरजीह देते हैं जो उनकी समझदारी का परिचायक है। जनता तो रोती रही है, और रोती रहेगी इसका क्या ?

## देवासरोड से इंदौर रोड को जोडनेवाली सडक चौड़ीकरण की मार्किंग



**उज्जैन।** देवासरोड को इंदौर रोड से जोडनेवाला पुष्पा मिशन हास्पिटल से दो तालाब वाला मार्ग पर चौड़ीकरण कार्य की ओर अग्रसर दिख रहा है। मार्ग पर सेंटर लाइन से नपती करके नगरनिगम कर्मचारियों ने मार्किंग कर दी है। रहवासी व दुकानदार स्वेच्छा से सामान हटाकर और अपने मकान खुद तुडवाकर सहयोग करते देखे गए। कल और आज सुबह से ही मिस्त्री व लोग मकान तुडाई करते नजर आए। इसमे कुछ घरों की बाउंड्रीवाल जाएगी तो कुछ दुकाने भी पूरी तरह चौड़ीकरण की भेंट चढ जाएंगी।

## महाराष्ट्र समाज के गणेशोत्सव में हुई ज्ञान स्पर्धा, तन्मय साकोरीकर टीम ने मारी बाजी

**उज्जैन।** महाराष्ट्र समाज उज्जैन द्वारा गणेशोत्सव के अंतर्गत क्षीरसागर स्थित तिलक स्मृति मंदिर में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस रोचक मुकाबले में कुल छह टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तन्मय साकोरीकर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं तुषार मुजुमदार टीम द्वितीय और अमित सुपेकर टीम तृतीय स्थान पर रही। अतिथियों द्वारा विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए गए। गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष संजय दिवटे ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष विवेक जोशी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय शिक्षा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक संदीप नाडकर्णी और शासकीय महाविद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता राजेश साकोरीकर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## उज्जैन के 205 दिव्यांगों को हरिद्वार में बाबा रामदेव ने रुद्राक्ष भेंट कर दिया आशीर्वाद

**उज्जैन।** अध्यक्ष श्याम माहेश्वरी और सचिव विट्ठल नागर के नेतृत्व में सशक्त समर्थ विकलांग सेवा शिक्षा एवं प्रशिक्षण समिति के अंतर्गत समर्थ सेवा संस्था द्वारा आयोजित आठ दिवसीय निःशुल्क तीर्थ यात्रा के तहत उज्जैन के 205 दिव्यांग एवं सहयोगी श्रद्धालु हरिद्वार में बाबा रामदेव से मिलने पहुंचे। बाबा रामदेव ने समर्थ सेवा संस्थान के दिव्यांगों से मुलाकात कर सभी को रुद्राक्ष की माला भेंट की और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। संस्था उपाध्यक्ष दीपक राजवानी ने बताया कि श्रद्धालुओं ने बद्रीविशाल धाम दर्शन के बाद हरिद्वार व ऋषिकेश का भ्रमण किया। 23 सितंबर की सुबह हरिद्वार रेलवे स्टेशन से उज्जैनी एक्सप्रेस से वापसी होगी और 24 सितंबर को यात्री उज्जैन पहुंचेंगे। यात्रियों के लिए हरिद्वार के नागली बेला स्थित आस्था धाम आश्रम में आवास व्यवस्था की गई है। यह आयोजन संस्था अध्यक्ष श्याम माहेश्वरी,सुनिल माहेश्वरी तथा यात्रा संयोजक आनंद पुरोहित और ओम पाटीदार के नेतृत्व में हो रहा है।

### जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर सवाल

# दीपोत्सव में झुलसे 12 वर्षीय बटुक चरक अस्पताल से छुट्टी के बाद दर्द से तड़पता रहा

### पुष्पा मिशन अस्पताल में मिला समुचित इलाज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

क्षिप्रा नदी पर आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान झुलसे 12 वर्षीय बटुक को आखिरकार समुचित उपचार मिल गया। दीपोत्सव के दौरान हादसे में झुलसे बालक को उपचार के लिए चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां एक दिन उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। परिजनों के अनुसार छुट्टी मिलने के बाद भी बालक दर्द से परेशान रहा और उसकी स्थिति को लेकर परिवार चिंतित था।

बालक के पिता की पार्षद अर्पित दुबे से पूर्व परिचित होने के कारण उनसे संपर्क हुआ और उन्होंने बालक की पीड़ा तथा उपचार की स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद बालक को पुष्पा मिशन अस्पताल ले जाया गया। यहां मनीष शर्मा एवं डॉ. रश्मि शर्मा तथा सर्जन डॉ. उमेश शर्मा सहित चिकित्सकीय टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बालक को भर्ती किया। अस्पताल प्रबंधन एवं चिकित्सकों द्वारा बालक का उपचार निःशुल्क किया गया तथा आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई।

महाकाल महाराज की कृपा और चिकित्सकों के प्रयासों से उपचार के बाद सोमवार को बालक को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हालांकि चिकित्सकों के अनुसार बालक को पूरी तरह स्वस्थ होने में अभी करीब एक माह का समय और लग सकता है। फिलहाल उसकी स्थिति में सुधार बताया गया है और आगे भी आवश्यक देखभाल एवं उपचार जारी रहेगा।



### महिमामंडन नहीं, जिम्मेदारी का सवाल

बालक को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने वाले चिकित्सकों और अस्पताल के प्रति परिवार ने आभार व्यक्त किया है, लेकिन इस घटनाक्रम को केवल किसी व्यक्ति या संस्था के महिमामंडन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। असली सवाल उस व्यवस्था से है, जिसके तहत एक नाबालिग बालक को कार्यक्रम में लाया गया और हादसे के बाद उसकी चिकित्सा व्यवस्था की जिम्मेदारी किसकी थी। परिवार की ओर से सवाल उठाया जा रहा है कि यदि किसी आयोजन में प्रशासनिक निर्देशों के तहत बच्चे अथवा अन्य लोगों को लाया जाता है और वहां कोई हादसा हो जाता है, तो क्या हादसे के बाद जिम्मेदार अधिकारी केवल औपचारिकता पूरी कर अपने दायित्व से मुक्त हो सकते हैं? क्या घायल बच्चे के परिजनों से मिलना, उसकी चिकित्सा की जानकारी लेना और आवश्यकता पड़ने पर बेहतर उपचार की व्यवस्था करना प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं बनती?

### इलाज मिला, लेकिन व्यवस्था पर सवाल छोड़ गया घटनाक्रम

इस पूरे घटनाक्रम ने दीपोत्सव जैसे बड़े आयोजन के दौरान प्रशासनिक व्यवस्थाओं और जिम्मेदार अधिकारियों की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों की ओर से यह सवाल उठाया गया कि हादसे में घायल हुआ बच्चा जब उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा तो क्या उसकी स्थिति की जानकारी लेने और उसके समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की नहीं थी? परिजनों का कहना है कि बालक स्वयं अपनी इच्छा से क्षिप्रा नदी पर आयोजित कार्यक्रम में नहीं गया था। उसे गुरुकुल प्रबंधन द्वारा अधिकारियों के निर्देश पर कार्यक्रम में ले जाया गया था। ऐसे में हादसे के बाद उसकी चिकित्सा और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी को लेकर प्रशासन को गंभीरता दिखानी चाहिए थी। परिवार की पीड़ा यह भी है कि बालक के घायल होने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों में से किसी ने परिजनों से संपर्क कर बच्चे की स्थिति जानने अथवा उससे मिलने की जरूरत तक महसूस नहीं की। यही बात अब आक्रोश का कारण बनी हुई है।

### स्वस्थ होकर घर लौटा बालक, लेकिन सवाल अभी बाकी

फिलहाल राहत की बात यह है कि 12 वर्षीय बटुक को बेहतर उपचार मिल गया और वह अस्पताल से घर लौट चुका है। पूरी तरह स्वस्थ होने में अभी समय लगेगा, लेकिन परिवार को अब उम्मीद है कि वह जल्द सामान्य जीवन में लौट आएगा। घटना ने हालांकि प्रशासनिक संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को लेकर एक बड़ा सवाल जरूर खड़ा कर दिया है। जिम्मेदार अधिकारियों से यही पूछा जा रहा है कि जिस बच्चे को उनके निर्देश पर आयोजन स्थल तक लाया गया था, उसके घायल होने के बाद उसकी सुध लेने का दायित्व किसका था?

## राजीवरत्न कॉलोनी में विराजे प्राकृतिक गणेश



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गणेशोत्सव के अवसर पर शहर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। नीलगंगा क्षेत्र के समीप राजीवरत्न कॉलोनी में इस वर्ष प्राकृतिक गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई है। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए स्थापित की गई प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। कॉलोनीवासियों द्वारा विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जा रही है। प्रतिदिन सुबह-शाम आरती और धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। आयोजकों का कहना है कि प्राकृतिक सामग्री से निर्मित गणेश प्रतिमा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और परंपरा के बीच संतुलन का संदेश देने का प्रयास किया गया है।

गणेशोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में रहवासी दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। कॉलोनी में सजे पूजा पंडाल में धार्मिक वातावरण बना हुआ है और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में उत्साह दिखाई दे रहा है।

# कार्यप्रणाली....जल्दबाजी में खानापूर्ति





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नगर निगम की कार्यप्रणाली मानो जब लग जाए आग, तब कुआं खोदने वाली कहावत को चरितार्थ करती नजर आती है। बैरवा समाज के फूल डोल चल समारोह के चंद घंटे पहले ही समारोह मार्ग पर सड़क के गड्ढों का पेंचवर्क शुरू कर दिया गया। लंबे समय से बदहाल सड़क की सुध लेने के बजाय ऐन मौके पर की गई यह कार्रवाई खानापूर्ति से अधिक कुछ नजर नहीं आती।

सवाल यह है कि जब चल समारोह पहले से तय था तो मार्ग की मरम्मत की तैयारी समय रहते क्यों नहीं की गई? अंतिम समय में किए गए पेंचवर्क का उद्देश्य भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। ऐसा लगता है कि प्रशासन की प्राथमिकता बस समारोह निकल जाने तक गड्ढे भरकर दिखा देना है। समारोह के बाद यही पैबंद कितने दिन टिकेंगे और सड़क फिर उसी हालत में पहुंच जाएगी, इसकी चिंता शायद किसी को नहीं है।

शहर में सड़कों की मरम्मत को लेकर ऐसी तात्कालिक कवायद नई नहीं है। वीआईपी या धार्मिक आयोजनों के पहले अचानक सड़कें सुधरने लगती हैं, जबकि आम दिनों में नागरिक बदहाल सड़कों से गुजरने को मजबूर रहते हैं। यदि मरम्मत समय रहते और गुणवत्तापूर्ण तरीके से की जाती तो अंतिम घंटों में खानापूर्ति की नौबत ही नहीं आती।

## इच्छाओं पर नियंत्रण और वाणी का संयम ही है सच्चा तप, धर्म साधना में लीन हैं सैकड़ों श्रावक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

दशलक्षण महापर्व के अंतर्गत मंगलवार को शहर में उत्तम तप धर्म पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सेठी नगर-लक्ष्मी नगर स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर और श्री महावीर तपोभूमि में आयोजित विशेष धर्मसभाओं में तप का वास्तविक अर्थ समझाया गया। वक्ताओं ने संदेश दिया कि केवल भूखा रहना तप नहीं है, बल्कि इच्छाओं को रोकना और अपनी वाणी पर संयम रखना ही जीवन का सबसे बड़ा तप है।

शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनि श्री प्रणीत सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में उत्तम तप धर्म की आराधना हुई। मंदिर के विद्यार्थियों ने तत्वार्थ सूत्र के सातवें अध्याय व्रत अधिकार का शुद्ध उच्चारण के साथ सामूहिक वाचन किया। मुनि श्री ने कहा कि सातवां अध्याय जैन धर्म की आचार संहिता है। सच्चा तप वही है जो आत्मा को शुद्ध कर परमात्मा बनाए। यदि युवा अपने जीवन में अणुव्रत को अपना लें तो समाज में शांति स्थापित हो सकती है। समाज सचिव सचिन कासलीवाल एवं ट्रस्ट सचिव सुशील लुहाड़िया ने बताया कि मंदिर में 10 दिन, 10 धर्म, 10 विधान, 1008 अर्घ्य और 22 परिषह ध्यान का क्रम जारी है। मंगलवार को विशुद्ध सागर विधान में हीरालाल सुधा बिलाला व शिल्पा आशीष सोनी परिवार पुण्यार्जक रहे। आगामी दिनों के विधान में बृजकिशोर मनोज जैन, धर्मेंद्र त्रिशला मलैया और ममता सुबोध जैन परिवार पुण्यार्जक रहेंगे।

श्री महावीर तपोभूमि पर आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज के आशीर्वाद से 10 दिवसीय श्रावक संस्कार शिविर जारी है। ब्रह्मचारिणी प्रभा दीदी व अंजू दीदी के सानिध्य में देशभर से आए सैकड़ों शिविरार्थी सांसारिक चिंताओं से दूर होकर पूर्ण रूप से धर्म साधना में लीन हैं। उत्तम तप धर्म पर प्रभा दीदी ने कहा कि तप करने का सौभाग्य सिर्फ मनुष्य पर्याय को मिलता है। द्रौपदी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि एक हंसी से महाभारत प्रारंभ हो गया था, इसलिए वाणी पर संयम रखना ही सबसे बड़ा तप है। वासु भैया के निर्देशन में विधान व धार्मिक क्रियाएं संपन्न हो रही हैं। मंगलवार को श्री गौतम स्वामी गुरुकुल के बच्चों ने शांतिधारा की। भोजन के पुण्यार्जक पुष्पा कमल बज परिवार रहे। मोनिका सेठी व चंदा गिरीश बिलाला ने भजनों की प्रस्तुति दी।

## इच्छाओं को रोकना ही सच्चा तप, अणुव्रत अपनाने से परिवार और समाज में आती है शांति

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सेठी नगर और लक्ष्मी नगर स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में दशलक्षण महापर्व के अंतर्गत मंगलवार को उत्तम तप धर्म धूमधाम से मनाया गया। मुनि श्री प्रणीत सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में मंदिर के विद्यार्थियों ने तत्वार्थ सूत्र के सातवें अध्याय के सभी 39 सूत्रों का शुद्ध उच्चारण के साथ वाचन किया।

धर्मसभा में मुनि प्रणीत सागर ने सातवें अध्याय का मर्म समझाते हुए कहा कि यह अध्याय जैन धर्म की आचार संहिता है। तप का अर्थ केवल भूखा रहना नहीं है, बल्कि इच्छाओं को रोकना ही वास्तविक तप है। सच्चा तप वही है जो आत्मा को शुद्ध करे और कर्मों की निर्जरा करे। हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील और परिग्रह इन पांच पापों से बुद्धिपूर्वक विरक्त होना ही व्रत है। उन्होंने कहा कि आज के युग में मोबाइल व टीवी पर अनुचित सामग्री देखना और अनावश्यक बोलना अनर्थदण्ड व्रत का उल्लंघन है। यदि युवा जीवन में अणुव्रत को अपना लें, तो परिवार और समाज में शांति स्थापित हो सकती है। समाज सचिव सचिन कासलीवाल और ट्रस्ट सचिव सुशील लुहाड़िया ने बताया कि महापर्व के दौरान मंदिर में 10 दिन, 10 धर्म, 10 विधान, 1008 अर्घ्य और 22 परिषह ध्यान का अनूठा संगम चल रहा है।

## ऋषिनगर जैन मंदिर में आकर्षक मंडल विधान की रचना की



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

धूपदशमी के पावन अवसर पर ऋषिनगर स्थित जैन मंदिर में आकर्षक मंडल विधान की रचना की गई। विभिन्न रंगों और धार्मिक प्रतीकों से सुसज्जित मंडल विधान श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन हुए तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। श्रद्धालुओं ने विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर धर्मलाभ लिया।

### चौड़ी सड़कों पर भी यातायात व्यवस्था ध्वस्त, जाम में फंसा आमजन

# डोल ग्यारस पर कोई ठोस ट्रैफिक प्लानिंग कहीं भी नजर नहीं आई

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर की यातायात व्यवस्था आम दिनों में ही बेपटरी रहती है, लेकिन डोल ग्यारस जैसे बड़े धार्मिक आयोजन के दौरान भी यातायात विभाग कोई ठोस व्यवस्था लागू नहीं कर पाया। इसका सीधा खामियाजा शहरवासियों और राहगीरों को भुगतना पड़ा। खास बात यह रही कि फ्रीगंज जैसे चौड़ी सड़कों वाले क्षेत्र में भी डोल और झांकियों के निकलने के दौरान यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई नजर आई।

डोल चल समारोह शुरू होने से पहले शहीद पार्क से तीनबत्ती चौराहे की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर यातायात को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस जवान तैनात नजर नहीं आए। झांकियों और डोल के साथ चल रहे दो-तीन जवानों के भरोसे ही यातायात व्यवस्था संभालने का प्रयास होता रहा। वाहनों की बढ़ती संख्या के बीच ये जवान भी यातायात को नियंत्रित करने में बेबस नजर आए।





### कई प्रमुख मार्गों पर लगा जाम

बैरवा समाज के देसाईनगर, अंबापुरा, अशोकनगर, कृष्णपुरा, गोपालपुरा सहित अन्य क्षेत्रों से निकलने वाले डोल चल समारोह शहीद पार्क से होकर तीनबत्ती चौराहे की ओर जाते हैं। ऐसे में इस पूरे मार्ग पर पहले से यातायात नियंत्रण की व्यवस्था की जरूरत थी, लेकिन मौके पर ऐसा कोई ठोस प्रबंध दिखाई नहीं दिया। शहीद पार्क से कमला नेहरू मार्ग, विश्वविद्यालय मार्ग होते हुए तीनबत्ती चौराहे तक वाहनों की कतारें लगती रहीं। चल समारोह के दौरान कई स्थानों पर वाहन रेंगते नजर आए और आम वाहन चालकों को काफी देर तक जाम में फंसे रहना पड़ा।

### आयोजन से पहले क्यों नहीं बनी ट्रैफिक प्लानिंग?

डोल ग्यारस की तारीख और चल समारोह के मार्ग पहले से तय थे। ऐसे में यातायात पुलिस के पास रूट डायवर्जन, वैकल्पिक मार्ग, प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त जवानों की तैनाती और पार्किंग व्यवस्था की रूपरेखा तैयार करने के लिए पर्याप्त समय था। बावजूद इसके मौके पर कोई प्रभावी प्लानिंग दिखाई नहीं दी। बड़े धार्मिक आयोजनों के दौरान शहर की सड़कों पर अचानक बढ़ने वाले यातायात को नियंत्रित करने के लिए पहले से व्यवस्था करना जरूरी है। यदि आयोजन के दौरान ही व्यवस्था बनाने की कोशिश होगी तो कुछ जवानों के भरोसे हजारों वाहनों को नियंत्रित करना मुश्किल ही होगा। डोल ग्यारस जैसे आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं और चल समारोह के प्रति सम्मान के साथ-साथ आम नागरिकों की सुविधा का भी ध्यान रखना यातायात प्रबंधन की जिम्मेदारी है। वरना स्थिति यही संदेश देती नजर आएगी कि भोले की नगरी में रहो मस्त... और यातायात को जैसे चल रहा है, वैसे ही चलने दो।

उज्जैन
बुधवार
23
सितम्बर, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

स्वच्छन्दत्वं धनार्थित्वं प्रेमभावोऽथ भोगिता।
अविनीतत्वमालस्यं विद्याविघ्नकराणि षट्॥
अर्थः स्वतन्त्रता, धन का मोह, प्रेम में पड़ना, तल्लीन होना, मोह में पड़ना- ये छह भी शिक्षा प्राप्ति में बाधक हैं।

## खबर एक नजर...

### हाईकोर्ट का फैसला:मृत्यु के 3 साल बाद भी ट्रेजरी अधिकारी की सजा बरकरार

**इंदौर।** पेंशन और ग्रेच्युटी पास करने के एवज में 7 हजार रुपए रिश्वत लेने के 11 साल पुराने मामले में हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने अहम फैसला सुनाया है। जस्टिस जय कुमार पिल्लई की अदालत ने ट्रेजरी अधिकारी ओमप्रकाश मुंगेलवाल के निधन के 3 साल बाद भी उनकी भ्रष्टाचार की सजा बरकरार रखी है। परिवार ने मृत्यु प्रमाण पत्र और 11 दिन के इलाज के दस्तावेज भी कोर्ट में पेश किए थे, लेकिन अदालत ने स्पष्ट किया कि रिकॉर्ड पर नरमी देने का कोई आधार नहीं है। हाईकोर्ट ने माना कि हाथ और पैंट की जेब के रासायनिक परीक्षण ने रिश्वत की रकम से सीधे संपर्क की पुष्टि की है। स्वतंत्र पंच गवाह ने भी रिश्वत मांगने और स्वीकार करने की गवाही दी। मुंगेलवाल का यह तर्क कि यह रकम कर्ज लौटाने के लिए थी, बिना विश्वसनीय साक्ष्य के खारिज कर दिया गया।

### दूसरी मंजिल से लिफ्ट गिरी, 7 घायल, रहवासी के यहां पंजाब से आए 6 मेहमान घायल

**इंदौर।** मंगलवार को नवलखा स्थित स्नेह नगर के एक कॉम्प्लेक्स में ओवरलोड होने से लिफ्ट दूसरी मंजिल से नीचे गिर गई। हादसे में लिफ्ट में सवार 7 लोग घायल हो गए। इनमें एक व्यक्ति के पैर में गंभीर चोट आई है। घायलों में पंजाब से इंदौर आए 6 मेहमान भी शामिल हैं। सभी को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है बिल्डिंग करीब 50 साल से अधिक पुरानी है। टीआई अनिल गुप्ता के मुताबिक घटना मंगलवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे की है। स्नेह नगर के नवलखा कॉम्प्लेक्स में यह हादसा हुआ। अंकित ढीगरा गंभीर घायल हुए हैं। वहीं, मनोज ढीगरा के यहां पंजाब से आए 6 मेहमान भी घायल हुए हैं। सूचना मिलने के बाद टीआई और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टीआई के मुताबिक बिल्डिंग काफी पुरानी है और यहां मेंटेनेंस का काम भी बाकी है। लिफ्ट दूसरी मंजिल से नीचे गिरी थी। चौकीदार लखन ने बताया कि लिफ्ट ओवरलोड हो गई थी।

### जिम से लौट रहे स्टूडेंट को बेल्ट से पीटा:बचाने आए दोस्त को भी लात-घूंसे मारे

**इंदौर।** 50 रुपए के लेनदेन पर एक स्टूडेंट को बुरी तरह पीटने का वीडियो सामने आया है। आरोपियों ने उसके दोस्त के साथ भी मारपीट की है। दोनों पीड़ित और सभी आरोपी नाबालिग हैं। मामला लसूड़िया थाना इलाके में 19 सितंबर की रात का है। इसका वीडियो मंगलवार को सामने आया। पुलिस ने 3 आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि तलावली चांदा स्थित शिखरजी ड्रीम्स कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय पीड़ित ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। 19 सितंबर को वह अपने दोस्त के साथ जिम से घर लौट रहा था। रास्ते में मुख्य आरोपी ने उन्हें रोक लिया। वह 50 रुपए के लेन-देन पर विवाद करने लगा। बहस बढ़ने पर उसने अपने और साथियों को बुला लिया। आरोपियों ने छात्र को लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। फिर बेल्ट बरसाने लगे। दोस्त बचाने आया तो उसके साथ भी मारपीट की। दोनों के कपड़े भी फाड़ दिए। पुलिस ने छात्र की शिकायत पर केस दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

### फेसबुक फ्रेंड ने झांसा देकर महिला से 44 हजार ठगे

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक बीमा एजेंट महिला से उसके फेसबुक फ्रेंड ने दुबई में कस्टम अधिकारियों के पास फंसे होने का झांसा देकर 44 हजार रुपए ठग लिए। आरोपी ने पहले 25 हजार रुपए और फिर 19 हजार रुपए की मांग कर महिला से राशि ट्रांसफर करा ली। इसके बाद 55 हजार रुपए और मांगे गए, लेकिन महिला ने पैसे नहीं दिए। साइबर हेल्पलाइन में शिकायत के बाद पुलिस ने मंगलवार को एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक संगीता गुप्ता ने शिकायत में बताया कि फेसबुक पर ओमकुमार नाम का व्यक्ति उनका दोस्त है। 19 सितंबर की शाम करीब 5 बजे उसके फेसबुक मैसेंजर से मैसेज आया। ओमकुमार ने बताया कि वह दुबई एयरपोर्ट पर फंस गया है और एम्बेसी ने उसे रोक लिया है। उसने रुपयों की जरूरत बताते हुए किसी को जानकारी नहीं देने के लिए कहा। संगीता की पहले भी ओमकुमार से बातचीत होती थी, इसलिए उन्हें शक नहीं हुआ। इसके बाद एक अन्य वॉट्सऐप नंबर से मैसेज आया और कॉल करने को कहा गया। बातचीत के दौरान आरोपी ने दफ कोड भेजा, जिस पर संगीता ने 25 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। रात करीब 8 बजे दोबारा कॉल आया। आरोपी ने ओमकुमार को छुड़ाने और मामला खत्म कराने के नाम पर 19 हजार रुपए और मांगे। अगले दिन फिर कॉल कर 55 हजार रुपए जमा करने को कहा गया।

### आर्मी में वार्निश सप्लाई का ऑर्डर दिलाने को लेकर ठगी

**इंदौर।** छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र में आर्मी के लिए वार्निश सप्लाई का ऑर्डर देने के नाम पर व्यापारी से 8 लाख 55 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को फोर्स का अधिकारी बताकर व्यापारी को विश्वास में लिया और फर्जी दस्तावेज व नंबर भेजकर उसके खाते से अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर करवा ली। ठगी का पता माल भेजने के बाद चला। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छोटी ग्वालटोली पुलिस के मुताबिक, प्रवीण कुमार मोदी का वृंदा एंटरप्राइजेज नाम से ऑफिस है, जहां ट्रेडिंग का काम होता है। प्रवीण ने शिकायत में बताया कि 16 सितंबर को उनके मोबाइल पर कुणाल चौधरी नाम के व्यक्ति का फोन आया। उसने खुद को फोर्स का अधिकारी बताते हुए कहा कि आर्मी में वार्निश की जरूरत है। इसके बाद आरोपी ने वार्निश का फोटो भेजने के साथ महू आर्मी का नाम, पता और जीएसटी नंबर भेजा। व्यापारी को दस्तावेज सही लगे तो आरोपी ने प्रोफॉर्मा बिल बनाकर भेज दिया।

---

एमजीएम में पीजी डॉक्टर के सुसाइड अटेम्प्ट में एनएमसी सख्त, वाट्सएप चैट-एंटी रैगिंग रिकॉर्ड जांच में

# रैगिंग-मेंटल हैरेसमेंट के आरोपों पर 24 घंटे में मांगी रिपोर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

एमजीएम मेडिकल कॉलेज और एमवाय अस्पताल में पीजी जेआर-1 डॉ. सिम्मी यादव से कथित रैगिंग, मानसिक उत्पीड़न, सार्वजनिक अपमान और अकादमिक दबाव के मामले में नेशनल मेडिकल कमीशन ने कॉलेज प्रबंधन से 24 घंटे में पैरावाइज कमेंट और एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने घटना की तत्काल, निष्पक्ष और वस्तुनिष्ठ जांच के निर्देश दिए हैं।

एनएमसी को यह शिकायत डॉ. सिम्मी के भाई कुणाल यादव की ओर से मिली थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सीनियर रेजिडेंट्स ने डॉ. सिम्मी को कथित तौर पर बार-बार प्रताड़ित किया, सार्वजनिक रूप से अपमानित किया और कागजी काम करने के लिए दबाव बनाया। शिकायत में दावा किया गया है कि डॉ. सिम्मी ने इंसुलिन की अधिक




मात्रा लेकर आत्महत्या का प्रयास किया। इलाज के बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किए जाने की बात शिकायत में कही गई है। परिवार के पास घटना से संबंधित मेडिकल रिकॉर्ड होने का भी दावा किया गया है। एनएमसी ने कॉलेज से घटना की तारीख, समय और परिस्थितियों के साथ यह जानकारी मांगी है कि डॉ. सिम्मी किस स्थिति में मिली थीं और उनकी वर्तमान मेडिकल स्थिति क्या है। शिकायत में आरोप है कि आधिकारिक रोस्टर में करीब 12 घंटे की ड्यूटी के बजाय डॉ. सिम्मी से कथित तौर पर 14 से 15 घंटे तक काम कराया गया। इसके अलावा पर्याप्त गैर-अकादमिक और कागजी काम सौंपे जाने का भी आरोप लगाया गया है। एनएमसी ने ड्यूटी रोस्टर, बायोमेट्रिक और अटेंडेंस रिकॉर्ड, ड्यूटी व हैंडओवर रजिस्टर तथा अवकाश रिकॉर्ड मांगे हैं। आयोग ने वास्तविक ड्यूटी अवधि और आधिकारिक रोस्टर के बीच अंतर की जांच करने को भी कहा है।

**एचओडी को शिकायत की जानकारी थी या नहीं, मांगा जवाब-** आयोग ने पूछा है कि कथित शिकायतों की जानकारी विभागाध्यक्ष डॉ. निलेश दलाल को कब और किस माध्यम से दी गई थी। इसके बाद क्या कार्रवाई की गई, काउंसलिंग, मध्यस्थता, चेतावनी या निगरानी जैसी कोई व्यवस्था की गई या नहीं, इसकी जानकारी भी मांगी गई है।

एनएमसी ने कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी और एंटी रैगिंग स्क्वाड के गठन और कामकाज का ब्योरा मांगा है। इसमें समिति की संरचना, निगरानी व्यवस्था, निरीक्षण व राउंड के रिकॉर्ड, प्राप्त शिकायतें और उन पर हुई कार्रवाई शामिल है। आयोग ने संबंधित विभाग के पीजी छात्रों से वरिष्ठ रेजिडेंट्स और फैकल्टी की अनुपस्थिति में गोपनीय बातचीत करने को भी कहा है। इसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि विभाग में उत्पीड़न, अपमान, धमकी या गैर-अकादमिक काम के दबाव की अन्य शिकायतें तो नहीं हैं।

**वॉट्सऐप और डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के निर्देश-** एनएमसी ने संबंधित वॉट्सऐप ग्रुप, मैसेज, ईमेल, शिकायतें, ड्यूटी रोस्टर, बायोमेट्रिक रिकॉर्ड, हैंडओवर रजिस्टर, अवकाश और अकादमिक रिकॉर्ड समेत सभी संबंधित दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं।

### सार्वजनिक अपमान और धमकी के आरोप

- शिकायत में मामूली गलतियों पर कथित सार्वजनिक अपमान, मानसिक उत्पीड़न और धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। डॉ. सिम्मी को लगातार टारगेट करने और परिणाम भुगतने की धमकी देने का भी दावा किया गया है।
- आयोग ने कॉलेज से पूछा है कि क्या डॉ. सिम्मी ने इससे पहले रैगिंग, उत्पीड़न, अत्यधिक कार्यभार या गैर-अकादमिक काम को लेकर मौखिक अथवा लिखित शिकायत की थी। शिकायत होने पर उसकी कॉपी और उस पर की गई कार्रवाई की जानकारी भी मांगी गई है।
- एनएमसी ने डॉ. यशस्वी, डॉ. निकिता और डॉ. श्वेता से जुड़े आरोपों की भी अलग-अलग जांच कर उनका पक्ष और जवाब रिपोर्ट में शामिल करने को कहा है।

---

इंदौर मेट्रो प्रबंधन का अजीब तर्क

# 160 पेड़ काटेंगे, नए लगाएंगे यहां के पक्षी वहां बैठ जाएंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

हम दोगुने पौधे लगा रहे हैं। पेड़ कटने के बाद तोते किसी दूसरे पेड़ पर उड़कर बैठ जाएंगे। जब हमारे लगाए पौधे बड़े होंगे, तो तोते उन पर वापस आ जाएंगे।ह्व यह अजीब तर्क मेट्रो प्रबंधन ने मंगलवार को मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में दिया।

रानी सराय क्षेत्र में प्रस्तावित अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन के लिए करीब 160 पुराने पेड़ों को हटाने और उन पर बसे हजारों तोतों के आशियाने उजाड़ने के मामले में सुनवाई हुई। मेट्रो प्रबंधन ने इन 160 पेड़ों और हजारों तोतों की कीमत 3 करोड़ रुपए आंकी है। प्रबंधन का कहना है कि यह पैसा नगर निगम में जमा कर दिया गया है। डिवीजन बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

कोर्ट ने पूछा- रानी सराय ही क्यों? सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने पूछा कि रानी सराय के अलावा स्टेशन के लिए और क्या विकल्प हो सकते हैं। कोर्ट ने



रीगल टॉकीज परिसर का उदाहरण देते हुए पूछा कि वह खाली पड़ा है, तो उसका उपयोग क्यों नहीं किया जा सकता। मेट्रो प्रबंधन ने जवाब दिया कि टॉकीज के आसपास न्यायाधीशों को आवंटित सरकारी आवास हैं।

### पेड़ आज कटेंगे, नया आशियाना कब बनेगा?

- द नेचर वॉलेंटियर्स सोसाइटी ने हस्तक्षेप आवेदन देकर पेड़ों की कटाई से पर्यावरण और पक्षियों के आवास पर पड़ने वाले असर का मुद्दा उठाया। संस्था की ओर से अधिवक्ता अभिनव धनोतकर ने कहा कि इन पेड़ों पर रोज-रिंग्ड पैराकीट यानी हरे तोते और उनके घोंसले मौजूद हैं।
- संस्था ने कहा कि केवल एक दिन के निरीक्षण के आधार पर पक्षी आवास का अंतिम निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है। पुराने पेड़ों में प्राकृतिक खोखले स्थान और घोंसले होते हैं। इनकी जांच स्वतंत्र विशेषज्ञ या एवियन इकोलॉजिस्ट से वैज्ञानिक तरीके से कराई जानी चाहिए।
- आपत्ति का मूल सवाल यही है कि पुराने पेड़ काटकर नए पौधे लगा देने से क्या तुरंत वही आशियाना लौट सकता है? परिपक्व पेड़ों की छांव, केनोपी और प्राकृतिक खोखले स्थान वर्षों में बनते हैं। नए पौधों को बड़ा होने में समय लगेगा। संस्था की ओर से अध्यक्ष पद्मश्री भालू मोंढे के माध्यम से हस्तक्षेप आवेदन प्रस्तुत किया गया।

---

अब 25 सितंबर से मिलेंगे जनरल टिकट

# इंडिया-वेस्टइंडीज टी-20 : एक मिनट में ही स्टूडेंट कोटा फुल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

होलकर स्टेडियम में 11 अक्टूबर को होने वाले भारत-वेस्टइंडीज टी-20 मुकाबले को लेकर क्रिकेट फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। मैच को देखने की होड़ का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मंगलवार दोपहर 12 बजे जैसे ही स्टूडेंट्स और दिव्यांगों के लिए रियायती टिकटों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ, महज एक मिनट के भीतर ही पूरा कोटा फुल हो गया। जो क्रिकेट फैंस रियायती श्रेणियों के तहत टिकट हासिल करने से चूक गए हैं, उन्हें अब सामान्य टिकट बिक्री का इंतजार करना होगा। कैटेगरी (आम दर्शकों) के लिए ऑनलाइन टिकटों की बिक्री 25 सितंबर को सुबह 6 बजे से ऑनलाइन शुरू होगी। स्टूडेंट्स और दिव्यांग श्रेणी के लिए यह रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 22 और 23 सितंबर को होनी थी, लेकिन मंगलवार दोपहर विंडो खुलते ही दोनों श्रेणियों का कोटा बुक हो गया। स्टूडेंट कोटे के एक हजार टिकटों के लिए 1200 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया है। वहीं, दिव्यांग कोटे के 40 टिकटों के लिए एक मिनट के अंदर ही 55 रजिस्ट्रेशन हो गए। टिकट जारी करने से पहले एमपीसीए इनके डॉक्यूमेंट का वेरिफिकेशन करेगा। पात्र छात्रों और दिव्यांगों को टिकट के लिए लिंक भेजा जाएगा। स्टूडेंट्स के लिए रियायती दरें स्टैंड के अनुसार 950 रुपए और 1200 रुपए रखी गई हैं।

---

# बस में बैठने से पहले पकड़ी गई नाइजीरियाई महिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

राजस्व खुफिया निदेशालय ने इंदौर में मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में एक नाइजीरियाई महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के सामान से 1.4 किलो से अधिक मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। डीआरआई के मुताबिक, जब्त ड्रग्स की अनुमानित अवैध बाजार कीमत करीब 1.19 करोड़ रुपए है। कार्रवाई 21 सितंबर 2026 को विजय उद्योग नगर क्षेत्र में तीन इमली चौराहे के पास स्थित पर्पल बस ट्रैवल एजेंसी पर की गई। डीआरआई को सूचना मिली थी कि इंदौर से बस के जरिए पुणे जाने वाली एक विदेशी महिला यात्री अपने सामान में मादक पदार्थ लेकर जा रही है। सूचना के आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने महिला को रोककर उसके गहरे नीले रंग के डफेल बैग की तलाशी ली। बैग में कई पॉलीथिन पैकेट मिले। इनमें सफेद क्रिस्टलीय पदार्थ और अलग-अलग रंग की गोलियां थीं। अधिकारियों ने फील्ड ड्रग डिटेक्शन किट से पदार्थों की जांच की। जांच में इनमें एम्फेटामाइन, एमडीएमए (एक्स्टेसी) और हाइड्रोपोनिक गांजा होने की पुष्टि हुई।

---

रानी सराय में 160 पेड़ हटाने का मामला

# इंदौर हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा, दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

रानी सराय क्षेत्र में प्रस्तावित भूमिगत मेट्रो स्टेशन के निर्माण के लिए पेड़ों को हटाने और पक्षियों के प्राकृतिक आवास से जुड़े मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने सुनवाई के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है।

मामले में द नेचर वॉलंटियर्स सोसायटी के अध्यक्ष पद्मश्री भालू मोंढे की ओर से एडवोकेटअभिनव पी. धनोडकर ने पक्ष रखा। हस्तक्षेप आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

आवेदन में संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का हवाला देते हुए रानी सराय क्षेत्र में मेट्रो स्टेशन के निर्माण के लिए करीब 160 पुराने पेड़ों को हटाए जाने की




संभावित कार्रवाई का मुद्दा उठाया गया है।

संस्था ने इन पेड़ों पर निर्भर पक्षियों के प्राकृतिक आवास और शहरी जैव विविधता पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव को भी न्यायालय के समक्ष रखा है। आवेदन में कुछ पेड़ों पर रोज-रिंग्ड पैराकीट यानी हरे तोते और उनके घोंसलों की मौजूदगी का उल्लेख किया गया है।

**एक दिन के सर्वे पर उठाया सवाल-** सुनवाई के दौरान पक्षियों के आवास के वैज्ञानिक मूल्यांकन का मुद्दा भी सामने आया। संस्था की ओर से तर्क दिया गया कि केवल एक दिन के निरीक्षण के आधार पर किसी क्षेत्र के पक्षी आवास के संबंध में अंतिम निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा। संस्था ने पुराने पेड़ों में मौजूद प्राकृतिक खोखले स्थानों और संभावित ल्ली२३ल्लॅ ३३ी२ का वैज्ञानिक सर्वे कराने तथा स्वतंत्र पक्षी विशेषज्ञ या एवियन इकोलॉजिस्ट से अध्ययन कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। संस्था की ओर से कहा गया कि परिपक्व पेड़ केवल हरियाली का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे पक्षियों को छाया, आश्रय, भोजन और घोंसले के लिए प्राकृतिक स्थान उपलब्ध कराते हैं। पुराने पेड़ों में मौजूद प्राकृतिक कैविटिज को नए पौधों के रोपण से तत्काल प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर किसी भी पेड़ को हटाने से पहले उसके पर्यावरणीय प्रभाव का वैज्ञानिक आकलन किए जाने की आवश्यकता बताई गई। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। इसके बाद कोर्ट ने मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। अब कोर्ट के आगामी आदेश से यह स्पष्ट होगा कि पेड़ों की कटाई, पक्षियों के आवास और हस्तक्षेप आवेदन से जुड़े पर्यावरणीय मुद्दों पर क्या दिशा-निर्देश दिए जाते हैं।

---

जांच एजेंसी की राय से असहमति पर चार्जशीट का आदेश नहीं दे सकती कोर्ट

# 96.23 लाख की खरीद मामले में हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने क्लोजर रिपोर्ट से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में कहा है कि कोर्ट केवल इस आधार पर जांच एजेंसी को चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश नहीं दे सकती कि वह जांच के निष्कर्ष से सहमत नहीं है। जांच पूरी होने के बाद आरोप पत्र दाखिल करना है या क्लोजर रिपोर्ट पेश करनी है, इस संबंध में राय बनाना जांच एजेंसी के वैधानिक अधिकार क्षेत्र में आता है। हालांकि, कानून के तहत सक्षम अदालत के न्यायिक अधिकार बरकरार रहते हैं।

जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने यह टिप्पणी



आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर फैसला सुनाते हुए की। याचिका में स्पेशल जज, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम द्वारा 12 फरवरी 2026 को पारित आदेश को चुनौती दी गई थी। स्पेशल जज ने आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार करने से इनकार करते हुए आगे की जांच के निर्देश दिए थे।

मामला उज्जैन स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के तत्कालीन प्राचार्य एस.एम. कुंभारे से जुड़ा था। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ को शिकायत भेजी गई थी। जांच में सामने आया कि कुंभारे के कार्यकाल के दौरान करीब 96.23 लाख रुपए की सामग्री सीमित निविदा प्रक्रिया के जरिए खरीदी गई, जबकि नियमों के मुताबिक इसके लिए खुली निविदा की प्रक्रिया अपनाई जानी थी। जांच में यह भी सामने आया कि लघु उद्योग निगम के लिए आरक्षित सामग्री, जिसमें फर्नीचर भी शामिल था, उसकी खरीद भी सीमित निविदा के जरिए की गई। आरोप था कि तीन फर्मों से प्राप्त कोटेशन एक ही व्यक्ति से संबंधित थे और आपूर्तिकर्ता के साथ कथित मिलीभगत के कारण सरकार को आर्थिक नुकसान हुआ। मामले में आईपीसी की धारा 420 और 120-बी के तहत धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश से संबंधित अपराध दर्ज किए गए थे।

इसके बाद दायर आपराधिक पुनरीक्षण याचिका का निपटारा करते हुए स्पेशल जज को सुप्रीम कोर्ट के अबिनंदन झा बनाम दिनेश मिश्रा मामले में दिए गए सिद्धांतों के अनुरूप मामले पर विचार करने का निर्देश दिया गया था।

### दो बार खारिज हुई क्लोजर रिपोर्ट

जांच पूरी होने के बाद आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने सरकार को मामला बंद करने की अनुमति देने की सिफारिश की। जांच एजेंसी का निष्कर्ष था कि सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाए जाने के पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले। हालांकि, क्लोजर रिपोर्ट पहली बार अदालत में पेश होने पर भी मामला बंद नहीं हुआ। 27 अक्टूबर 2021 को स्पेशल जज ने क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार करने से इनकार करते हुए कई बिंदुओं पर साक्ष्य जुटाने और आगे की जांच के निर्देश दिए। इसके बाद दूसरी क्लोजर रिपोर्ट पेश की गई, जिसे 17 मई 2025 को फिर खारिज कर दिया गया और जांच अधिकारी को आगे की जांच के निर्देश दिए गए।

## खबर एक नजर...

### अचलेश्वर न्यास चुनावः 11 अक्टूबर को होगा मतदान

**ग्वालियर।** ग्वालियर में अचलेश्वर न्यास की नई कार्यकारिणी के चुनाव 11 अक्टूबर को होंगे। न्यायालय के दिशा-निर्देशों के बाद तहसीलदार मनीष जैन ने चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। चुनाव में निर्धारित नियमों के अनुसार ही प्रचार की अनुमति होगी। पोस्टर, होर्डिंग, बैनर या प्रिंट-इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिए प्रचार करने पर उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है। तहसीलदार जैन ने बताया कि न्यायालय से प्राप्त विस्तृत दिशा-निर्देशों के आधार पर पूरी चुनाव प्रक्रिया कराई जा रही है। चुनाव की सूचना एक माह पहले जारी की जानी थी। इसके तहत 9 सितंबर को सूचना जारी की गई थी। 21 सितंबर को मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। मतदाता सूची पर दावे-आपत्तियां 22 सितंबर को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक और 23 सितंबर को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक प्रस्तुत की जा सकेंगी। दावे-आपत्तियों के निराकरण के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी।

### 12 साल पहले ग्वालियर में पकड़ाया था विदेशी घुसपैठिया

**ग्वालियर।** ग्वालियर रेलवे स्टेशन के बाहर से ठीक 12 साल पहले 21 सितंबर 2014 को गिरफ्तार किया गया संदिग्ध विदेशी घुसपैठिया अहमद अलमक्की एक बार फिर सुर्खियों में है। वर्तमान में असम के डिटेंशन सेंटर में बंद अलमक्की ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया है कि भारत सरकार ने उसे अवैध रूप से हिरासत में रखा है। उल्लेखनीय है कि जब 2014 में उसे पकड़ा गया था, तब उसके पास से सऊदी अरब का ड्राइविंग लाइसेंस और बांग्लादेशी पासपोर्ट बरामद हुआ था, जिसके बाद यह पूरा मामला बेहद उलझ गया था। जबकि दोनों ही देश उसे अपना नागरिक मानने से इनकार कर चुके हैं। इससे उसकी नागरिकता साबित नहीं हो पाई थी। अब इस मामले में कोर्ट ने फिर शासन से जवाब मांगा है।

### बीपीएड छात्रा श्रुति की बीमारी से मौत पर छात्र-आंदोलन उग्र

**ग्वालियर।** एलएनआईपीई में मंगलवार को आंदोलन ने उग्र रूप ले लिया। गुवाहाटी कैंपस में 8 सितंबर को बीपीएड थर्ड ईयर की छात्रा श्रुति उपाध्याय की मौत के बाद यहां ग्वालियर कैंपस में 14 दिन से आंदोलन चल रहा है। मंगलवार को करीब 1500 छात्रों ने प्रशासनिक भवन घेर लिया। मुख्य द्वार पर ताला डाल दिया। कुलपति प्रो. कल्पना शर्मा और रजिस्ट्रार डॉ. यतेंद्र सिंह सहित करीब 35 कर्मचारी अंदर फंस गए। छात्रों ने प्रशासनिक भवन के सामने धरना दिया। कई छात्र कार्यालय के सामने लेट गए। इसी बीच चार छात्रों ने मंगलवार से भूख हड़ताल भी शुरू कर दी। छात्रों की दो प्रमुख मांगें हैं। मृत छात्रा के परिजनों को ?50 लाख मुआवजा दिया जाए और रजिस्ट्रार इस्तीफा दें। छात्र दोपहर करीब 2 बजे मुख्य द्वार से प्रशासनिक भवन पहुंचे। पहले कुलपति की कार का घेराव किया। इसके बाद भवन में प्रवेश कर मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया। दोपहर करीब 3 बजे से प्रशासनिक भवन छात्रों के घेरे में रहा। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद रात 9 बजे कुलपति, रजिस्ट्रार और पूरा स्टाफ बाहर निकल सका।

### बैतूल की वन भूमि के बदले चंबल में जमीन मिलेगी

**बैतूल।** मध्यप्रदेश में विकास परियोजनाओं के लिए जमीन की कमी और वन भूमि के इस्तेमाल के बीच एक नए मॉडल पर काम करने की तैयारी है। इसमें ऐसी सरकारी जमीन, जो रिकॉर्ड में वन भूमि के रूप में दर्ज है, लेकिन मौके पर पेड़-जंगल बहुत कम है, उसे विकास कार्यों के लिए इस्तेमाल करने का रास्ता तलाशा जा रहा है। इसके बदले चंबल क्षेत्र की उपयुक्त राजस्व और बीहड़ जमीन वन विभाग को देने का प्रस्ताव है। इस जमीन पर जंगल विकसित किया जाएगा। इस मॉडल की शुरूआत बैतूल से करने की तैयारी है। जिले में उद्योग और औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए करीब 1500 एकड़ जमीन की जरूरत बताई गई है। उद्योग विभाग के मुताबिक, चिन्हित जमीन का बड़ा हिस्सा वन भूमि में आता है। ऐसे में वन भूमि के बदले चंबल क्षेत्र की उपयुक्त जमीन देने का विचार सामने आया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव और अधिकारियों के साथ करीब एक साल से इस पर चर्चा चल रही है। अब बैतूल से प्रस्ताव तैयार कर आगे भेजने की दिशा में काम किया जा रहा है। हालांकि यह अभी प्रस्ताव के स्तर पर है और इसे लागू करने के लिए तय कानूनी प्रक्रिया और केंद्र की मंजूरी जरूरी होगी।

### आज से लोगों के लिए खुलेगा आयुर्वेद कॉलेज का हर्बल गार्डन

**भोपाल।** आयुर्वेद में रुचि रखने वाले लोग अब भोपाल के पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर में तैयार हर्बल गार्डन ऑफ स्टेट इम्पोर्टेंस देख सकेंगे। यहां मौजूद स्टाफ लोगों को बताएगा कि किस औषधीय पौधे का क्या उपयोग है और उसका इस्तेमाल किस तरह किया जाता है। राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर बुधवार से इसे आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। इसी दिन होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में आयुष विभाग के 183.50 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण होगा। प्रदेश के आयुष वेलनेस केंद्रों का नाम आयुष आरोग्यधाम करने की पहल भी शुरू होगी।

### जबलपुर संभाग के 3 जिलों में आज भारी बारिश; 26 सितंबर तक चलेगा दौर

# मध्यप्रदेश में अब तक 34.2 इंच बारिश ही हुई

**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल**

मध्य प्रदेश में अब तक औसत 34.2 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य की 91.5% है। यह 'सामान्य से कम' बारिश की कैटेगिरी में है। हालांकि, अगले 4 दिन प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। ऐसे में आंकड़े में सुधार की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में विकसित हुआ अवदाब अब एक महत्वपूर्ण मौसमी सिस्टम के रूप में उभर रहा है। इसके स्ट्रॉन्ग होने की संभावना है। इसके प्रभाव से ओडिशा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में वर्षा गतिविधियों में वृद्धि के संकेत हैं। मौसम केंद्र के मुताबिक, बुधवार को छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट है। वहीं, भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी,



दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हो सकती है।

इससे पहले सोमवार-मंगलवार को प्रदेश के 33 जिलों में तेज बारिश रिकॉर्ड की गई। जिन जिलों में पानी गिरा, उनमें भोपाल, राजगढ़, रायसेन, विदिशा, सीहोर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, आलीराजपुर, शाजापुर, देवास, खंडवा, रीवा, सिंगरौली, सीधी, सतना, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी, सागर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, निवाड़ी, नर्मदापुरम और बैतूल शामिल हैं।

#### मध्यप्रदेश की ओर बढ़ेगा वर्षा का प्रभाव

मौसम विशेषज्ञ नायक ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में विकसित होने वाले सिस्टम जब आगे बढ़ेंगे तो उनके साथ जुड़ा नमी का परिवहन, वायुमंडलीय परिसंचरण और आसपास की अन्य मौसमी परिस्थितियां मध्य भारत में वर्षा गतिविधियों को प्रभावित कर सकती हैं।

ऐसे में 26 सितंबर तक प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश होने के आसार है। 25 और 26 सितंबर को कहीं-कहीं भारी से अति भारी बारिश भी हो सकती है। 23 और 24 सितंबर भी कुछ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। प्रदेश में अब तक 869.3 मिमी यानी, 34.2 इंच बारिश हो चुकी है। हालांकि, यह अब तक की सामान्य बारिश 36.5 इंच (927.5 मिमी) की तुलना में 2.3 इंच कम है। वहीं, ओवरऑल 6 प्रतिशत कम पानी गिरा है।

## भोपाल में वकीलों ने जहांगीराबाद थाना घेरा

### एडवोकेट से बदसलूकी, बेवजह मारने का आरोप; दोषी पुलिसकर्मियों पर एक्शन की मांग

**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल**

भोपाल में मंगलवार देर रात तक करीब 50 वकीलों ने जहांगीराबाद थाने पर प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि पुलिस ने उनके एक साथी से बेवजह बदतमीजी की। आपत्ति जताने पर उसे लाठियों से पीटा। प्रदर्शनकारी वकील थाना प्रभारी राजन अहिरवार और उनके साथी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। एडिशनल सीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि मामले के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है।



शिकायतकर्ता अधिवक्ता राकेश रावल (45) ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 8 बजे वे खटलापुरा मंदिर की तरफ से आ रहे थे। इसी दौरान पुलिसकर्मियों ने उनका वाहन रोक लिया। उनसे थाने चलने के लिए कहा। उन्होंने वाहन में पेट्रोल नहीं होने की बात कही तो पुलिसकर्मी गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर कीचड़ में पटककर डंडे बरसाए। वकीलों ने एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें अधिवक्ता राकेश रावल के पैरों पर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं। उनके कपड़े भी कीचड़ से सने हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वकील के साथ मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाए।

## निकली काल भैरव की सवारी, उमड़ा जनसैलाब





**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

धार्मिक नगरी उज्जैन में भैरव भाद की तिथि पर मंगलवार को भगवान काल भैरव की सवारी धूमधाम और धार्मिक उल्लास के साथ निकली। सवारी को लेकर सुबह से ही काल भैरव मंदिर सहित मार्ग में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। बाबा काल भैरव के दर्शन और सवारी के स्वागत के लिए श्रद्धालु मार्ग के दोनों ओर खड़े रहे। सवारी के आगे-आगे भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच श्रद्धालु बाबा के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। जैसे ही बाबा की सवारी विभिन्न मार्गों से होकर निकली, श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और दर्शन कर आशीर्वाद लिया। पूरे मार्ग पर भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। ैरव भाद के अवसर पर काल भैरव की पूजा-अर्चना का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। इसी मान्यता के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं ने बाबा को पूजन सामग्री अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की।

सवारी को देखते हुए प्रशासन और पुलिस द्वारा मार्ग पर सुरक्षा तथा यातायात की व्यवस्था की गई थी। सवारी के निकलने के दौरान कई स्थानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण मार्ग पर चहल-पहल बनी रही। बाबा की सवारी के दर्शन के लिए शहरवासियों के साथ आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंचे।

## औदीच्य समाज वरिष्ठजन समिति ने किया विशिष्ट जनों का सारस्वत सम्मान

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

औदीच्य समाज वरिष्ठजन समिति उज्जैन के तत्वावधान में कोटिलिंगेश्वर महादेव औदीच्य धर्मशाला अब्दालपुरा में सारस्वत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाज के श्रेष्ठ जनों का आत्मीय सम्मान किया गया।

अखिल भारतीय औदीच्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण त्रिवेदी, युवा इकाई अध्यक्ष चेतन अवस्थी, वरिष्ठजन समिति अध्यक्ष महेश ज्ञानी और धर्मशाला अध्यक्ष उमाशंकर भट्ट ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में साहित्य, व्यंग्य विधा, काव्यमंच और रंगमंच के क्षेत्र में असाधारण योगदान देने वाले सतीश दवे, मुकेश जोशी, राहुल शर्मा, पुनीत मेहता, भारत पंड्या और प्रमोद शर्मा को करतल ध्वनि के बीच शाल, माला और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समिति सचिव प्रमोद जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि सतीश दवे को रंगमंच निर्देशन के क्षेत्र में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से सम्मानित किया जाना समाज, नगर और राष्ट्र के लिए गौरव का विषय है। वहीं, व्यंग्यकार मुकेश जोशी प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक तथा समाज के लगभग सौ वर्ष पुराने मुखपत्र औदीच्य बंधु के संपादक पद पर पदासीन होकर समाज की अमूल्य धरोहर बने हैं।

राष्ट्रीय कवि राहुल शर्मा ने देश भर के काव्य मंचों से सनातन और राष्ट्रवाद की ओजस्वी लहर उत्पन्न की है तथा साहित्यिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में प्रखर वक्ता के रूप में विशिष्ट पहचान बनाई है। इसके अलावा पुनीत मेहता ने ज्योतिष एवं वैदिक सिद्धांत के क्षेत्र में अपना प्रभुत्व कायम किया है। जिससे समाज निरंतर लाभान्वित हो रहा है।

### मध्य प्रदेश में 100+ अस्पतालों में जांच में खुलासा

# आयुष्मान में इलाज आपका, पर पैकेज क्लेम कितना- ये आप नहीं देख सकते

**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल**

आयुष्मान भारत योजना में इलाज भले आपका हो रहा हो, लेकिन अस्पताल ने आपके नाम पर कौन-सा पैकेज लगाया, कितने रुपए का क्लेम किया और रिकॉर्ड में क्या इलाज दिखाया- यह आप नहीं जान सकते।

भोपाल के मारूति अस्पताल में मृत व्यक्ति का इलाज जारी दिखाने का मामला सामने आया तो यही सवाल उठा कि मरीज या उसके परिजन अपने नाम पर हुए क्लेम का पूरा ब्योरा क्यों नहीं देख सकते। अब मप्र में 100 से ज्यादा अस्पतालों में मरीजों की मौत से जुड़े मामलों की जांच चल रही है। इन मामलों में भर्ती से मौत तक के इलाज और आयुष्मान क्लेम का मिलान किया जा रहा है। मरीज किस हालत में भर्ती हुआ, आईसीयू की जरूरत थी या नहीं, कौन-सी जांच और इलाज हुआ और मौत का क्या कारण दर्ज किया गया- ये रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

#### जांच के बीच सामने आ रहीं ये 2 बड़ी दिक्कतें...

1. रिकॉर्ड में ऐसा इलाज भी दर्ज हो सकता है जो हुआ ही नहीं मरीज या परिजन यह नहीं देख सकते कि अस्पताल ने कौन-सा पैकेज लगाया, कितना क्लेम किया और क्या इलाज दर्ज किया। अब जांच में इसका वास्तविक इलाज से मिलान हो रहा है। बिना जरूरत आईसीयू, गलत पैकेज व मौत के बाद भी इलाज दिखाकर क्लेम करने जैसे मामलों की भी पड़ताल हो रही है।
2. मरीज जानता है कि क्या इलाज मिला, पर क्लेम नहीं देख सकता- मरीज या परिजन यह सबसे बेहतर जानते हैं कि कितने दिन भर्ती रहे, कितने दिन आईसीयू में थे, कौन-सी जांच हुई और कौन-सा इलाज मिला। पर अस्पताल ने इन्हीं चीजों को क्लेम में कैसे दर्ज किया, यह उन्हें दिखाई नहीं देता। इसलिए अंतर पकड़ने के लिए विभाग को अस्पतालों के रिकॉर्ड का डेस्कटॉप और फिजिकल ऑडिट करना पड़ रहा है।

#### चैटबॉट पर अभी खर्च का हिसाब, यहीं पूरी डिटेल मिले

आयुष्मान चैटबॉट पर मरीज अभी इलाज में खर्च हुई राशि और बची सीमा देख सकता है। इसी में इलाज की पूरी जानकारी भी जोड़ी जा सकती है। अस्पताल ने कौन-सा पैकेज लगाया, कितने रुपए का क्लेम किया, कौन-सी जांच और इलाज दर्ज किया और कितने दिन भर्ती दिखाया- यह सब मरीज को अपने खाते में दिखे। इससे जानकारी मरीज तक सीमित रहेगी। वह अस्पताल के रिकॉर्ड का वास्तविक इलाज से मिलान कर सकेगा।

**ये 4 जानकारी मिलें तो आप भी पकड़ सकते हैं गड़बड़ी-**

पैकेजः अस्पताल ने कौन-सा पैकेज लगाया और उसमें क्या इलाज शामिल था।
क्लेमः अस्पताल ने कितने रुपए का क्लेम किया और कितनी राशि मंजूर हुई।
इलाजः अस्पताल ने रिकॉर्ड में कौनसी जांच, दवा व इलाज मरीज को देना दिखाया।
तारीखेंः मरीज को कब भर्ती, कब डिस्चार्ज या मौत हुई और इलाज कब तक दिखाया।
फायदाः मरीज मेडिकल जांच नहीं कर सकता, पर उसे वास्तव में क्या इलाज मिला और रिकॉर्ड में क्या दिखाया गया- यह अंतर जरूर पकड़ सकता है।

### बामनिया-पेटलावद मार्ग पर चापलदा घाटी में कार पर पथराव

## बदमाशों ने किया हमला, तेज स्पीड में चालक पुलिस चौकी पहुंचा

**ब्रह्मास्त्र ›› झाबुआ**

झाबुआ जिले के बामनिया-पेटलावद मार्ग पर मंगलवार रात करीब 9:30 बजे चापलदा घाटी के पास एक कार पर अचानक बदमाशों ने पथराव कर दिया। बामनिया के रहने वाले जयेश सोलंकी पेटलावद से अपने परिवार के साथ लौट रहे थे, तभी यह हमला हुआ। सड़क पर पत्थर बिछे होने और घाटी का इलाका होने से लूट की मंशा जताई जा रही है।

पथराव में कार के शीशे और दरवाजे टूट गए, लेकिन जयेश ने घबराने की जगह हिम्मत दिखाई और कार रोकने के बजाय उसकी रफ्तार बढ़ा दी। गाड़ी भगाकर वे सीधे बामनिया पुलिस चौकी पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी दी।



खबर मिलते ही बामनिया और पेटलावद पुलिस तुरंत एक्शन में आ गई। पेटलावद थाना प्रभारी निर्भयसिंह भूरिया ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और पूरे इलाके में नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश जारी है। शुरूआती पड़ताल में कुछ और गाड़ियों पर भी पथराव की बात सामने आई है।

### सत्यवीर तेजाजी महाराज मंदिर में तेजा दशमी पर लगा मेला

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

कहारवाड़ी स्थित सत्यवीर तेजाजी महाराज के मंदिर में तेजा दशमी के अवसर पर विशाल मेला लगा। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और छतरियां चढ़ाईं। मंदिर में नवमी की रात को विशेष पूजा-पाठ संपन्न हुई। दशमी की सुबह से मेले की शुरूआत हुई जहां दिनभर प्रसादी का वितरण किया गया। मंदिर में मान्यता के अनुसार श्रद्धालुओं को नीम की झाड़ी से झाड़ा लगाया जाता है, जिससे रोग और अलाय-बलाय दूर होने का विश्वास है। मंदिर की व्यवस्था और सेवा कार्य में पुजारी पुरुषोत्तम कहार, मोहन कहार, गुरु कहार, रामू कहार, राहुल कहार, आदित्य कहार और चेतन कहार ने अपनी सेवाएं दीं।

### नागर ब्राह्मण समाज के पितृ स्मृति आयोजन में जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजयशंकर मेहता के प्रवचन, बताया चरित्र ही सबसे बड़ी दौलत

# जीना तो सब जानते हैं, श्रीमद्भागवत पुराण सिखाता है मरने की कला

#### आज समझाए जाएंगे गृहस्थी के सूत्र

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

नागर ब्राह्मण समाज द्वारा कोयला फाटक आगर रोड स्थित महाकाल परिसर में आयोजित तीन दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन मंगलवार को हमारे हनुमान परिवार के जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजयशंकर मेहता ने विचार रखे। उन्होंने कहा कि जिसका भी जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु निश्चित है। जीना तो हम सब मनुष्य जानते हैं, लेकिन मरना कैसे, यह बहुत कम लोग समझ पाते हैं। भारतीय संस्कृति के 18 पुराणों में से श्रीमद्भागवत पुराण एक ऐसा दिव्य ग्रंथ है जो मरने की कला सिखाता है।

पं. मेहता ने कहा कि इस ग्रंथ की एक-एक पंक्ति और शब्द में स्वयं भगवान श्रीकृष्ण उतरे हैं। पिछले जन्मों के पुण्यकर्म, पितरों के आशीर्वाद और ईश्वर की विशेष कृपा होने पर ही किसी को भागवत सुनने, पढ़ने या कहने का सौभाग्य मिलता है। यह वह ग्रंथ है जिसमें बीते की स्मृति, वर्तमान का शोध और भविष्य की योजना बसती है। महाभारत प्रसंग की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि महाभारत



केवल युद्ध नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। वहीं मनु-शतरूपा के परिवार को पारिवारिक व्यवस्था से जोड़ते हुए उन्होंने बताया कि गृहस्थी भगवान का प्रसाद होती है।

बुधवार को दूसरे दिन की कथा में युवावस्था की सक्रियता को केंद्र में रखते हुए नृसिंह अवतार, समुद्र मंथन, श्रीराम कथा और श्रीकृष्ण जन्म प्रसंगों के माध्यम से गृहस्थी के सूत्रों की व्याख्या की जाएगी। कथा का समय दोपहर 4 से शाम 7 बजे तक रहेगा, जिसका समापन 24 सितंबर को होगा।

#### मन पर नियंत्रण का सबसे प्रभावी साधन ध्यान

समुद्र मंथन की कथा के माध्यम से मन की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने मन का मंथन करना चाहिए, क्योंकि मन ही अशांति का केंद्र है। जिसने मन पर नियंत्रण पा लिया, उसके जीवन में शांति अवश्य उतरेगी। मन पर नियंत्रण पाने का सबसे प्रभावी साधन ध्यान है। अजामिल प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने संदेश दिया कि उत्तम चरित्र ही हमारी सबसे बड़ी दौलत है। जिसने चरित्र बचा लिया, वह

## बाल कृष्ण को गोद में लेकर गोरी दीदी ने की स्वर्णगिरि पर्वत की परिक्रमा

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

देवझूलनी एकादशी के पावन पर्व पर किन्नर अखाड़े की प्रतिनिधि संत गोरी दीदी ने भगवान बाल कृष्ण को अपनी गोद में लेकर संपूर्ण स्वर्णगिरि पर्वत की पांच कोस की परिक्रमा की और उन्हें झूले में झुलाया। ग्राम चरणमया स्थित स्वर्णगिरि पर्वत मुखारविंद से शुरू हुई इस परिक्रमा में मध्य प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के हजारों भक्त शामिल हुए। जानकारी देते हुए डॉ. दुर्गा शंकर पांचाल बांदका ने बताया कि प्रातः 9 बजे गोरी दीदी के आगमन पर समिति और भक्तों ने पुष्प वर्षा कर अगवानी की। स्वर्णगिरि पीठाधीश्वर महेंद्र गिरी ने तिलक लगाकर एवं पुष्प माला पहनाकर उनका स्वागत किया। पुजारी प्रेम नारायण शर्मा द्वारा स्वर्णगिरि मुखारविंद पर अभिषेक एवं पूजन संपन्न कराया गया। भव्य ध्वजारोहण और महाआरती के बाद हाथ में ध्वज लेकर



शंख ध्वनि के साथ परिक्रमा आरंभ हुई। परिक्रमा पूर्व मुखी वीर हनुमान मंदिर आक्याधांगा, राम बालाजी धाम महू और कृष्ण सुदामा धाम नारायणा होते हुए पुनः स्वर्णगिरि पर्वत मुखारविंद पहुंची। मार्ग में ग्रामीणों ने भक्तों का भव्य स्वागत कर जलपान तथा फलाहारी खिचड़ी की व्यवस्था की। आयोजन में भंडारे एवं ध्वजारोहण के लाभार्थी आजमपुरा के संजय पटेल, पवन पटेल, विजयराज पटेल और भगवान सिंह पटेल रहे। व्यवस्थाओं में महिदपुर पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा।

# अक्षय खन्ना ने शूटिंग से 7 दिन पहले दृश्यम-3 छोड़ी

**डायरेक्टर बोले- ये कौनसा तरीका है; 3 दिन में री-राइट किया कैरेक्टर**



**'दृश्यम 3'** के लेखक और निर्देशक अभिषेक पाठक ने फिल्म की शूटिंग शुरू होने से ठीक सात दिन पहले अक्षय खन्ना के अचानक बाहर होने पर बातचीत की है। हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में अभिषेक पाठक ने बताया कि अजय देवगन के साथ अक्षय खन्ना के सीन शूट होने से हफ्ते भर पहले उन्होंने प्रोजेक्ट छोड़ दिया था।

इसके बावजूद मेकर्स ने शूटिंग टालने के बजाय तीन दिन के भीतर स्क्रिप्ट दोबारा लिखी। अक्षय खन्ना के रोल को नए कैरेक्टर में बदलकर जयदीप अहलावत को कास्ट किया गया। अजय देवगन स्टारर यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अभिषेक पाठक ने बताया कि अक्षय खन्ना के अचानक फिल्म छोड़ने से वे खुश नहीं थे। उन्होने कहा की फिल्म छोडने का ये कौनसा तरीका हुआ? अजय देवगन के साथ उनके सीन्स की शूटिंग में सिर्फ सात दिन बचे थे। इसके बावजूद उन्होंने शूटिंग शेड्यूल आगे नहीं बढ़ाया। अभिषेक के मुताबिक, 200 से ज्यादा क्रू मेंबर्स इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे थे और यह उनके रोजगार का सवाल था। इसके अलावा फिल्म का सेट तैयार हो चुका था और दूसरे कलाकारों की डेट्स भी लॉक थीं। ऐसे में शूटिंग टालने से बड़ा आर्थिक नुकसान होता, इसलिए उन्होंने दो-तीन दिन का समय लेकर पूरे कैरेक्टर को री-राइट किया।

## शाहरुख, गौरी और सुहाना के साथ लालबागचा राजा पहुंचे

शाहरुख खान ने गणेशोत्सव के मौके पर मुंबई के प्रसिद्ध 'लालबागचा राजा' पंडाल पहुंचकर गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनके साथ पत्नी गौरी खान, बेटी सुहाना खान और मैनेजर पूजा ददलानी भी मौजूद थीं।

इस दौरान शाहरुख को उनकी मैनेजर पूजा ददलानी गणपति के चरण स्पर्श करने का तरीका सिखाती दिखीं। वहीं गर्मी के चलते शाहरुख मैनेजर के दुपट्टे से पसीना पोंछते दिखाई दिए। लालबागचा राजा के दर्शन के बाद शाहरुख ने टी-सीरीज ऑफिस जाकर भी भगवान गणेश की पूजा की। लालबागचा राजा पंडाल पहुंचने पर शाहरुख खान को देखने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। दर्शन के दौरान शाहरुख नीले रंग के कुर्ते में नजर आए। वहीं उनकी बेटी सुहाना खान हरे रंग के पारंपरिक परिधान और पत्नी गौरी खान पीले रंग के एथनिक आउटफिट में दिखीं। लालबागचा राजा के दर्शन के बाद शाहरुख खान मुंबई स्थित टी-सीरीज के ऑफिस भी पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी मैनेजर पूजा ददलानी के साथ गणेश पूजा में हिस्सा लिया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में शाहरुख ब्लैक ट्राउजर और चेक शर्ट पहने नजर आ रहे हैं। उन्होंने गणपति की प्रतिमा के सामने प्रार्थना की और प्रसाद ग्रहण किया।

## '3 इडियट्स' के सीक्वल की शूटिंग अप्रैल से शुरू'

साल 2009 की ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल की शूटिंग अप्रैल 2027 से शुरू हो सकती है। निर्देशक राजकुमार हिरानी इस समय फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। मिड-डे की रिपोर्ट के मुताबिक, आमिर खान फरवरी में फिल्म की फाइनल स्क्रिप्ट पढ़ेंगे, जिसके बाद प्रोजेक्ट पर आधिकारिक काम आगे बढ़ेगा। इस सीक्वल में आमिर खान के साथ करीना कपूर खान, आर माधवन और शरमन जोशी की मुख्य स्टारकास्ट के दोबारा साथ आने की उम्मीद है। '3 इडियट्स' का सीक्वल फिलहाल राइटिंग स्टेज में है। राजकुमार हिरानी और उनकी टीम अगले साल की शुरूआत में स्क्रिप्ट का फाइनल ड्राफ्ट तैयार कर लेगी। आमिर खान फरवरी में इस स्क्रीनप्ले को पढ़ेंगे और अपनी सहमति देंगे। आमिर खान की मंजूरी मिलने के तुरंत बाद मेकर्स अप्रैल 2027 में फिल्म को फ्लोर पर ले जाने का प्लान बना रहे हैं।



सीक्वल में 2009 की मूल फिल्म के मुख्य कलाकारों को फिर से एक साथ पर्दे पर लाने की योजना है। फिल्म में आमिर खान (रैंचो), आर माधवन (फरहान) और शरमन जोशी (राजू) की लोकप्रिय तिकड़ी के साथ करीना कपूर खान (पिया) भी अपनी भूमिकाओं में नजर आ सकती हैं। 2009 में रिलीज हुई '3 इडियट्स' ने बॉक्स ऑफिस पर कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए थे।

### अक्टूबर से 'ललकारा' की शूटिंग में बिजी होंगे आमिर खान

'3 इडियट्स' के सीक्वल से पहले आमिर खान निर्देशक आशुतोष गोवारिकर की स्पोर्ट्स-ड्रामा फिल्म 'ललकारा' की शूटिंग पूरी करेंगे। वे इसी साल अक्टूबर से मार्च 2027 तक 'ललकारा' के शूटिंग शेड्यूल में बिजी रहेंगे। यह फिल्म 1952 में पाकिस्तान के खिलाफ हुई ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज और भारतीय क्रिकेट टीम के तत्कालीन कप्तान लाला अमरनाथ की कहानी पर आधारित है।

### महाभारत प्रोजेक्ट भी चर्चा में

आमिर खान हाल ही में जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी सतीशाचार्य महाराज से मिले। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच काफी देर बातचीत हुई। आमिर ने आध्यात्मिक गुरु के प्रति अपना आभार भी व्यक्त किया। आमिर खान कई बार फिल्म 'महाभारत' को अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बता चुके हैं। ऐसे में जगद्गुरु सतीशाचार्य महाराज से उनकी मुलाकात के बाद 'महाभारत' को लेकर चर्चा फिर शुरू हो गई है। गौरतलब है कि महाभारत पर आमिर पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से काम करने की इच्छा जता रहे हैं।

# रैपर बादशाह के शराब ब्रांड पर हनी सिंह का तंज

## गाने में कहा- तेरी वोदका कहां गई, बिकी नहीं?; सिंगर ने अपना टकीला ब्रांड लॉन्च किया






पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री में एक बार फिर से जुबानी जंग छिड़ गई है। सिंगर और रैपर यो यो हनी सिंह ने अपना नया गाना कासा टुपका एंथम रिलीज किया है, जिसे लेकर दावा किया जा रहा है कि इसमें हनी सिंह ने रैपर बादशाह पर निशाना साधा है। अपने प्रीमियम शराब ब्रांड के प्रमोशनल गाने में हनी सिंह ने बादशाह के शराब ब्रांड को फ्लॉप बताते हुए तंज कसा। यूजर्स दावा कर रहे हैं कि गाने में हनी सिंह बादशाह के लिए कह रहे हैं- तेरी वोडका कहां गई, बिकी नहीं? आजा मैं तुझे अपने यहां रख लेता हूं, सैलरी ले लियो।

दो दिन पहले रिलीज हुए इस गाने को यूट्यूब पर अब तक 21 मिलियन (2.1 करोड़) से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। हालांकि, इसे लेकर अब तक रैपर बादशाह की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।



### हनी सिंह के गाने के ये बोल चर्चा में...

बड़ा हॉट है वेदर जब बजे रेगेटन, लेट मी टेक यू बेबी गर्ल चलो मैक्सिको। तेरी वोदका कहां गई क्या हुआ बिकी नहीं, चल काम बंद कर पहन आजा बिकिनी। रखूं क्या काम पे ले लियो सैलरी, आया जो मैं वापस इनकी शक्ल भी दिखी नहीं।

### पिछले साल बादशाह ने वोदका ब्रांड उतारा

गाने के इन लिरिक्स पर यूजर्स का दावा है कि ये बादशाह के लिए कहे गए हैं। दरअसल, यह पूरा विवाद शराब ब्रांड्स की बिजनेस राइवलरी से जुड़ा है। बादशाह ने लिकर बिजनेस में एंट्री करते हुए कार्टेल ब्रदर्स के साथ मिलकर नवंबर 2025 में अपना प्रीमियम वोदका ब्रांड शेल्टर 6 मार्केट में लॉन्च किया था। इसके टक्कर में अब हनी सिंह ने भी एंट्री मारी है। 19 सितंबर 2026 को हनी सिंह ने अपना प्रीमियम टकीला ब्रांड कासा टुपका लॉन्च किया। यह सिर्फ एक विज्ञापन नहीं है, बल्कि हनी सिंह ने खुद मेक्सिको जाकर इसके प्रोडक्शन और इस टकीला की मेकिंग प्रोसेस पर काम किया है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ







## जोक्स

टीचरः संजू, बताओ इतिहास किसे कहते हैं?
संजूः सर, जब पुराने जमाने के लोग
कांड करके मर जाते थे और
हमें अब उन्हें याद करना पड़ता है,
उसी को इतिहास कहते हैं।
टीचरः चुप कर! गधे कहीं के।

ये दोस्त हर खुशी
तेरी तरफ मोड़ दूं।
तेरे लिए चांद तारे तक तोड़ दूं।
खुशियों के दरवाजे तेरे लिए खोल दूं।
इतना काफी है या
दो-चार झूठ और बोल दूं। ??



**बाएं से दाएं**

1. अपनत्व, अपनाव-5
4. खाने लायक तैयार होगा-3
6. गोंद, लाख-2
7. पति, शौहर-3
8. जंगल अरण्य-3
10. उत्साह, ललक-2
11. प्रलय, आफत-3
12. ईश्वर, रब-4
15. वट वृक्ष-4
16. निर्माण (उर्दू-3)
17. धोखा, कपट-2
18. दृष्टि, निगाह-3
20. स्वदेश, मातृभूमि-3
22. एक पैसा-2
23. विजय, जीत-3
24. आत्मबलिदानी, साहसी-5

**ऊपर से नीचे**

1. उपद्रव की स्थिति, अशांति-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. गिरावट, अवनति-3
4. मवाद-2
5. मरियल, दुर्बल-4
8. असरदार, प्रभावी-4
9. नाक छेदना-2, 3
13. विदीर्ण, छिन्न भिन्न होना-4
14. मांग, अनुरोध-5
15. बलवा, गदर-4
19. विष, गरल-3
21. अस्तर, स्तर-2
22. देवदास की प्रेमिका-2

## वर्ग पहेली



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 49 | | 5 | | 32 | | 24 | = | 52 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 59 | | 90 | | 90 | = | 79 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 2 | | 5 | | 1 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 60 | | 25 | | 36 | | 95 | = | 26 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 19 | | 37 | | 81 | | 19 | = | |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में अभिषेक बच्चन की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

सरकार, बंटी और बबली, ओम जय जगदीश, शरारत, दस, कभी अलविदा न कहना, रन, हम तुम, कुछ ना कहो, तेरा जादु चल गया

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | | 5 | 2 | |
| | 32 | | 40 | | 28 | 7 |
| 4 | | 7 | | 6 | | |
| | 35 | | 37 | | 32 | 6 |
| 7 | | | 2 | 3 | | 1 |
| 2 | 30 | 1 | 28 | 4 | 29 | |
| 6 | | | 7 | | 5 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**माथा पच्ची का हल**



**अष्टयोग का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 6 | 38 | 6 | 32 | 1 | 30 | 7 |
| 7 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 1 | 25 | 2 | 32 | 4 | 34 | 5 |
| 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 |
| 3 | 26 | 4 | 38 | 5 | 36 | 6 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |

**शब्दजाल का हल**



## सूडोकू नवताल

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## नेपाल जैसा बाढ़ का खतरा लद्दाख में बढ़ा ग्लेशियर झील से रिसाव



**लद्दाख के सबसे बड़े द्रंग-द्रुंग ग्लेशियर के मुहाने पर बनी झील से पानी का रिसाव शुरू हो गया है। झील कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है। ऐसे में वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान के वैज्ञानिक जांस्कर में ग्लेशियर के पास ही कैंप कर इस पर लगातार निगाह बनाए हुए हैं।**

वैज्ञानिक झील में पानी की मात्रा, गहराई और ग्लेशियर के पिघलने की रफ्तार की रियल टाइम निगरानी कर रहे हैं। पानी बढ़ने से झील पर दबाव खतरनाक स्तर तक पहुंचा तो इसे सुरक्षित तरीके से पंक्चर कर अतिरिक्त पानी निकालने की भी तैयारी है। नेपाल में हाल की आपदा के बाद हिमालयी क्षेत्र की संवेदनशील ग्लेशियर झीलों की निगरानी और तेज की गई है। करीब 24 किमी लंबे द्रंग-द्रुंग ग्लेशियर के पीछे हटने से उसके मुहाने पर यह प्रो-ग्लेशियर झील बनी है। 2017 में इसका क्षेत्रफल करीब 16.62 हेक्टेयर था, जो 2023 में बढ़कर 39.1 हेक्टेयर हो गया। अध्ययनों के मुताबिक, 2010 के बाद ग्लेशियर के पीछे हटने से बनी गहरी जगह में पिघली बर्फ का पानी जमा होने लगा और झील बनी। 2021 के बाथिमेट्री सर्वे में 5 हजार से ज्यादा बिंदुओं पर माप लिया गया था।

तब झील का जल-आयतन 1.8 लाख घन मीटर पाया गया। औसत गहराई 1.91 मीटर और अधिकतम गहराई 3.85 मीटर थी। 1971 से 2017 के बीच ग्लेशियर 13.84% घटा और अग्रभाग 925 मीटर पीछे चला गया।

### लद्दाख और द्रंग-द्रुंग ग्लेशियर पर असर




लद्दाख का द्रंग-द्रुंग ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ रहा है, जिससे इसके मुहाने पर पानी जमा होकर एक बड़ी अस्थिर झील बन गई है। यह झील कमजोर पत्थरों और मलबे के सहारे टिकी है, जिससे इसके टूटने का डर लगातार बना रहता है। इसके अलावा पिघलती बर्फ से स्थानीय नदी तंत्र और जीव-जंतुओं के प्राकृतिक संतुलन पर भी बुरा असर पड़ रहा है। लद्दाख जैसे ठंडे रेगिस्तान में लोगों की जिंदगी पूरी तरह ग्लेशियर के पिघलने वाले पानी पर निर्भर है। अभी तो बर्फ तेजी से पिघलने की वजह से नदियों में पानी ज्यादा दिख सकता है, लेकिन कुछ सालों बाद जब बर्फ कम हो जाएगी तो गंभीर सूखा पड़ सकता है। इससे स्थानीय खेती, पीने के पानी और बिजली परियोजनाओं के लिए पानी की भारी कमी हो जाएगी।

---

### यूक्रेन जंग के बाद पहला चुनाव; रूसी राष्ट्रपति के लिए बहुमत क्यों जरूरी

# रूसी संसदीय चुनाव में पुतिन समर्थक पार्टी जीती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मॉस्को

रूस के संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की समर्थक यूनाइटेड रशिया पार्टी ने जीत हासिल कर ली है। शुरुआती नतीजों में पार्टी ने 57.5% वोट के साथ अजेय बढ़त बना ली है। चुनाव के आधिकारिक नतीजे अभी आने बाकी हैं। यह फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पहला संसदीय चुनाव है। पुतिन ने चुनाव को यूक्रेन में लड़ रहे रूसी सैनिकों के समर्थन से जोड़कर पेश किया था। 2021 के पिछले संसदीय चुनाव में यूनाइटेड रशिया ने स्टेट ड्यूमा की 450 में से 324 सीटें जीती थीं। स्टेट ड्यूमा रूस की संसद का निचला सदन है। इसमें कुल 450 सीटें हैं। इनमें 225 सीटें पार्टी को मिले वोट के आधार पर और 225 सीटें अलग-अलग क्षेत्रों में सीधे चुनाव से तय होती हैं।

रूस की युद्ध-विरोधी पार्टी याब्लोको को इस बार पार्टी के नाम पर चुनाव लड़ने से रोक दिया गया। हालांकि, पार्टी के कुछ नेताओं को अलग-अलग सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति मिली। इसके अलावा कई सरकार विरोधी नेताओं और उम्मीदवारों को भी चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिला। रूस में इस चुनाव में 56.66% लोगों ने वोट डाला। मॉस्को में मतदान रिकॉर्ड स्तर पर रहा। चुनाव से पहले राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने लोगों से यूक्रेन में लड़ रहे रूसी सैनिकों के समर्थन में वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोगों का वोट सैनिकों के समर्थन को दिखाएगा। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूनाइटेड रशिया पार्टी के सदस्य नहीं हैं। हालांकि, वे 2008 से 2012 तक पार्टी के चेयरमैन रह चुके हैं। उस समय भी वे पार्टी के औपचारिक सदस्य नहीं थे। यूनाइटेड रशिया के नियमों के मुताबिक, पार्टी का चेयरमैन होना जरूरी नहीं कि उसकी सदस्यता से जुड़ा हो। इसलिए पुतिन पार्टी के सदस्य बने बिना भी इसके चेयरमैन रहे। 2012 में पुतिन ने पार्टी चेयरमैन का पद छोड़ दिया। इसके बाद दिमित्री मेदवेदेव को पार्टी का चेयरमैन बनाया गया। पुतिन ने खुद सार्वजनिक तौर पर यह स्पष्ट नहीं किया है कि उन्होंने यूनाइटेड रशिया की सदस्यता क्यों नहीं ली। इसलिए इसके पीछे किसी खास राजनीतिक रणनीति को वजह बताना सही नहीं होगा।



### चुनाव के आखिरी दिन मॉस्को पर यूक्रेन का ड्रोन हमला

रूस में संसदीय चुनाव के आखिरी दिन रविवार को यूक्रेन ने मॉस्को और आसपास के इलाकों में 1,600 से ज्यादा ड्रोन भेजे। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, इनमें करीब 450 ड्रोन मॉस्को की तरफ बढ़ रहे थे। हमले में कम से कम 2 लोगों की मौत हुई। इनमें एक 44 साल की महिला और एक बुजुर्ग व्यक्ति शामिल हैं। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन के मुताबिक, हमले में राजधानी की एक बड़ी ऑयल रिफाइनरी को भी नुकसान पहुंचा है। रिफाइनरी में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। एक ड्रोन 21 मंजिला अपार्टमेंट से टकरा गया, जिससे इमारत में आग लग गई। इसके बाद करीब 400 लोगों को बाहर निकाला गया।

### ट्रम्प की ईरान को धमकी समझौता करो, वरना तबाह कर देंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को एक बार फिर से तबाह करने की धमकी दी है। मंगलवार को व्हाइट हाउस में अपने भाषण में उन्होंने कहा- अमेरिका के पास दो रास्ते हैं- ईरान के साथ समझौता करना या उसे खत्म कर देना। अमेरिका-ईरान जंग शुरू होने के बाद से ट्रम्प पिछले 7 महीने में 10 से ज्यादा बार ईरान को तबाह करने की धमकी दे चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें पलटकर बातचीत का रास्ता अपनाना पड़ा। रॉयटर्स/इप्सोस के सर्वे के मुताबिक, ईरान पर हमला करने से 66% अमेरिकन ट्रम्प से नाराज हैं। सिर्फ 34% लोग ही ट्रम्प के सपोर्ट में हैं। 3 नवंबर को अमेरिका में मिडटर्म इलेक्शन हैं। ट्रम्प नहीं चाहते कि उनकी पार्टी को नुकसान हो। इसी वजह से वो ईरान युद्ध को अब अंजाम तक पहुंचाना चाहते हैं।

### ट्रम्प की पार्टी के लोग युद्ध से दूरी बना रहे

मिडटर्म चुनाव से पहले कुछ रिपब्लिकन उम्मीदवार अब ईरान युद्ध जल्द खत्म करने की बात कर रहे हैं। वजह है ईंधन की बढ़ती कीमत और युद्ध को लेकर मतदाताओं की नाराजगी। ऐसे में ट्रम्प की कड़ी चेतावनी अपनी पार्टी के नेताओं और समर्थकों को भी एकजुट रखने का संदेश हो सकती है।

### हूती के हमलों से अरब देश परेशान

ईरान के समर्थन वाले हूती लड़ाके लगातार सऊदी अरब पर मिसाइल और ड्रोन हमले कर रहे हैं। हूती लाल सागर और बाब-अल-मंदेब के आसपास भी एक्टिव हैं। यह रास्ता एशिया और यूरोप के बीच तेल और सामान पहुंचाने के लिए बेहद अहम है। ईरान पर अमेरिकी दबाव बढ़ा तो हूती के हमले और बढ़ सकते हैं। इससे जहाजों को लंबा रास्ता लेना पड़ेगा और तेल-सामान महंगा हो सकता है। ट्रम्प नहीं चाहते कि हूती अरब देशों और अमेरिकी सहयोगियों पर हमले बढ़ाएं।

---

# अमेरिकी चैनलों ने ट्रम्प की लाइव कवरेज रोकी

### 3 मीडिया हाउस पर बैन के बाद फैसला, जवाब में व्हाइट हाउस ने ट्रम्प टीवी लॉन्च किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के बड़े टीवी चैनलों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यक्रमों की साझा लाइव कवरेज रोक दी है। यह फैसला व्हाइट हाउस की ओर से CNN, MS NOW और पॉलिटिको के पत्रकारों पर बैन के के बाद लिया गया। फॉक्स न्यूज के वॉशिंगटन ब्यूरो चीफ ब्रायन बॉटन ने सोमवार को बताया कि अब इस व्यवस्था के तहत आने वाले राष्ट्रपति के कार्यक्रमों की वीडियो कवरेज नहीं की जाएगी।

इसके बाद व्हाइट हाउस ने अपनी ऑनलाइन वीडियो फीड शुरू की, जिसका नाम ट्रम्प टीवी रखा गया है। इसमें ट्रम्प के पुराने वीडियो, सरकार के ऐलान और ताजा अपडेट दिखाए जाएंगे। लोग व्हाइट हाउस के लाइव कार्यक्रम भी फोन और दूसरे इंटरनेट वाले डिवाइस पर देख सकेंगे सोमवार को व्हाइट हाउस में नए हेलिपैड का उद्घाटन हुआ। आमतौर पर ऐसे कार्यक्रमों की वीडियो कवरेज टीवी नेटवर्क्स करते हैं, लेकिन इस बार उन्होंने साझा कवरेज रोक दी थी। इसलिए व्हाइट हाउस ने खुद कार्यक्रम का वीडियो जारी किया। कार्यक्रम में टीवी नेटवर्क्स के कैमरे और माइक्रोफोन नहीं थे। इससे ट्रम्प की आवाज साफ सुनाई नहीं दे रही थी। मरीन वन के शोर से भी परेशानी हुई। अब इस तरह के कार्यक्रमों की कवरेज के लिए व्हाइट हाउस के पास अपना डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार है। इन्हें ट्रम्प टीवी पर दिखाया जा सकेगा। अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने भी सोमवार को व्हाइट हाउस के फोटो पूल से मिली तस्वीरें प्रकाशित और शेयर नहीं करने का फैसला किया। अखबार ने कहा कि वह उन मीडिया संस्थानों के समर्थन में ऐसा कर रहा है, जिनके पत्रकारों को व्हाइट हाउस से बाहर किया गया है। हालांकि, न्यूयॉर्क टाइम्स ने भी ट्रम्प की न्यूयॉर्क यात्रा की कवरेज जारी रखने की बात कही। अखबार के मुताबिक, सरकार के कामकाज पर स्वतंत्र मीडिया की नजर रहना जरूरी है।

### राष्ट्रपति के कार्यक्रमों की कवरेज करता है प्रेसिडेंशियल पूल

अमेरिका में राष्ट्रपति के हर कार्यक्रम में सभी टीवी चैनलों के कैमरे नहीं पहुंच सकते। इसलिए ABC, CBS, CNN, Fox News और NBC ने साझा व्यवस्था बनाई है, जिसे प्रेसिडेंशियल टेलीविजन पूल कहा जाता है। इसमें नेटवर्क्स बारी-बारी से राष्ट्रपति के कार्यक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग करते हैं और फुटेज दूसरे मीडिया संस्थानों को देते हैं। इस बार CNN की बारी थी, लेकिन व्हाइट हाउस ने उसके पत्रकारों पर बैन लगा दिया। इसके बाद बाकी नेटवर्क्स ने उठठ की जगह कवरेज करने के बजाय साझा टीवी पूल को ही रोक दिया। CNN, MS NOW और पॉलिटिको ने ट्रम्प प्रशासन के खिलाफ अमेरिकी संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया है। तीनों मीडिया हाउस ने व्हाइट हाउस में अपना एक्सेस बहाल करने की मांग की है। एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक, तीनों ने प्रशासन पर पहले और पांचवे संशोधन के तहत मिले अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले में जल्द सुनवाई की मांग भी की है। ट्रम्प 2016 से ही CNN की खबरों को फेक न्यूज कहते रहे हैं। उनके पहले कार्यकाल में भी CNN के पत्रकारों के व्हाइट हाउस पास को लेकर विवाद हुआ था। ट्रम्प ने न्यूयॉर्क टाइम्स और वॉल स्ट्रीट जर्नल जैसे बड़े अखबारों पर भी उनके खिलाफ पक्षपातपूर्ण खबरें चलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने इन मीडिया संस्थानों की रिपोर्टिंग पर कई बार सवाल उठाए और कुछ मामलों में मानहानि के मुकदमे भी किए। ट्रम्प का आरोप रहा है कि ये मीडिया संस्थान जानबूझकर ऐसी खबरें चलाते हैं, जिनसे उनकी छवि खराब होती है।

### दावा- सऊदी अरब ने यमन में मिसाइल अटैक किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ यमन



यमन में हूती विद्रोहियों और सऊदी अरब के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। हूतियों ने दावा किया है कि सऊदी अरब ने बाब अल-मंदेब स्टेट के पास एक गांव के लोकल मार्केट पर मिसाइल अटैक किया। हूतियों के मीडिया ऑफिस ने हमले का वीडियो भी जारी किया है, जिसमें सोमवार दोपहर करीब 12:14 बजे मार्केट पर मिसाइल गिरती दिखाई दे रही है। उस वक्त मार्केट में काफी लोग मौजूद थे। हालांकि, हमले में कितने लोग मारे गए या घायल हुए, इसकी जानकारी नहीं दी गई है और सऊदी अरब ने भी इस दावे पर कोई बयान नहीं दिया है।

---

## अमेरिका की कल से ईरानी एयरलाइंस बंद कराने की धमकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका ने ईरान की सभी एयरलाइंस को बंद कराने की धमकी दी है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि 23 सितंबर से ईरानी विमानों को ईंधन, लैंडिंग की सुविधा या टिकट देने वाली विदेशी कंपनियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। ऐसी कंपनियों को अमेरिकी डॉलर सिस्टम से बाहर किया जा सकता है। यानी अमेरिका सिर्फ ईरानी एयरलाइंस पर दबाव नहीं डाल रहा, बल्कि उन विदेशी कंपनियों को भी निशाना बना रहा है जो इन एयरलाइंस को चलाने में मदद करती हैं।

अमेरिका जिस डॉलर सिस्टम की बात कर रहा है, उसका मतलब अमेरिकी बैंकिंग व्यवस्था से है। किसी कंपनी पर अमेरिकी प्रतिबंध लगने के बाद उसके लिए अमेरिकी बैंकों के जरिए डॉलर में लेन-देन करना मुश्किल हो सकता है। ईरानी एयरलाइन को ईंधन या दूसरी सुविधाएं देती हैं, तो उसे अमेरिकी वित्तीय व्यवस्था तक अपनी पहुंच खोने का खतरा रहेगा।

### विदेश जाने वाली उड़ानों पर पड़ सकता है असर

अमेरिकी कार्रवाई का असर ईरान की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर पड़ सकता है। एविएशन डेटा कंपनी सिरियम के मुताबिक, सितंबर में ईरान से हर हफ्ते करीब 70 हजार इंटरनेशनल सीटें उपलब्ध हैं। अगस्त में यह संख्या करीब 55,700 सीटें प्रति हफ्ते थी। अगस्त में महान एयर और सेफेहरान एयरलाइंस ईरान से इंटरनेशनल सीटों की क्षमता के मामले में सबसे बड़े स्थानीय ऑपरेटर्स में थीं।

### 600 किमी तक गई 2 मिसाइलें; किम जोंग बोले- दुश्मनों को लाइलाज सिरदर्द मिलेगा

# नॉर्थ कोरिया ने हाइपरसोनिक मिसाइल का टेस्ट किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नॉर्थ कोरिया

नॉर्थ कोरिया ने रविवार को एक नए हथियार सिस्टम का टेस्ट किया। सरकारी एजेंसी KCNA की तस्वीरों के मुताबिक, इसमें हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया गया। नॉर्थ कोरियाई नेता किम जोंग उन अपनी बेटी के साथ टेस्ट देखने पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस हथियार का विकास देश की युद्ध तैयारियों को मजबूत करेगा और दुश्मनों के लिए लाइलाज सिरदर्द पैदा करेगा।

दक्षिण कोरिया की सेना के मुताबिक, नॉर्थ कोरिया ने पूर्वी तट के वॉनसान इलाके से करीब 3 घंटे के अंतर पर दो कम दूरी की मिसाइलें दागीं। ये समुद्र में करीब 450 और 600 किमी तक गईं। जापान की सेना ने कहा कि दोनों मिसाइलें उसके विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर समुद्र में गिरीं। KCNA ने मिसाइल टेस्ट की तस्वीरें जारी कीं। इनमें ट्रकों से दो मिसाइलें लॉन्च होती दिखीं। मिसाइलों के आगे शंकु जैसी आकृति और पंखनुमा हिस्से नजर आए। एक तस्वीर में किम जोंग उन निगरानी स्क्रीन देखते नजर आए। स्क्रीन पर ह्सोंग-11ट नाम लिखा था। नॉर्थ कोरिया पहले इस मिसाइल को हाइपरसोनिक हथियार बता चुका है। हालांकि, किम ने इस टेस्ट के दौरान नए हथियार सिस्टम का नाम नहीं बताया।



### नॉर्थ कोरिया लगातार अपनी सैन्य ताकत बढ़ा रहा

नॉर्थ कोरिया मिसाइल और परमाणु हथियारों का जखीरा लगातार बढ़ा रहा है। रक्ढफ्क्रके 2026 के अनुमान के मुताबिक, उसके पास करीब 60 परमाणु हथियार हैं और इतना फिसाइल मैटेरियल है कि करीब 30 और हथियार बनाए जा सकते हैं। मिसाइलों में कम दूरी के हथियारों से लेकर अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल तक शामिल हैं। ।सोंग-17 और सोंग-18 की रेंज 15 हजार किमी से ज्यादा बताई जाती है, यानी ये अमेरिका तक पहुंचने की क्षमता वाली मिसाइलों में शामिल हैं।

---

## टूथपेस्ट, साबुन और शैंपू पर हरा-लाल बिंदु लगाना जरूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने टूथपेस्ट, साबुन, शैंपू, कॉस्मेटिक्स और अन्य टॉयलेटरीज के पैकेट पर हरा या लाल बिंदु लगाना अनिवार्य कर दिया है। शाकाहारी सामग्री से बने उत्पादों पर हरा और मांसाहारी सामग्री वाले उत्पादों पर लाल या भूरा बिंदु रहेगा।

बिंदु पैकेट के मुख्य डिस्प्ले पैनल के ऊपरी हिस्से में होगा। इसे देखकर उपभोक्ता जान सकेंगे कि रोजमर्रा के इस्तेमाल का उत्पाद शाकाहारी मूल का है या मांसाहारी। सरकार ने लीगल मेट्रोलॉजी (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, 2011 में संशोधन कर यह प्रावधान लागू किया है। 21 सितंबर को अधिसूचना जारी होने के साथ ही ये नियम लागू हो गए थे। यदि किसी मांसाहारी उत्पाद पर हरा निशान या शाकाहारी पर लाल निशान लगा है, तो यह नियमों का उल्लंघन है। इसके लिए आप इन तरीकों से शिकायत कर सकते हैं। पैक पर पहले से ही उत्पाद का नाम, निर्माता का पता, मात्रा, बैच नंबर, लाइसेंस नंबर, निर्माण और एक्सपायरी तारीख, अधिकतम खुदरा मूल्य तथा इस्तेमाल की सावधानियां लिखना जरूरी है।

### कितनी खास है मैथिली ठाकुर की रोल्स रॉयस

# संपत्ति 3.82 करोड़, क्या 1.5 लाख के वेतन से ली 13 करोड़ की कार?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

13 करोड़ रुपए की रोल्स रॉयस कुलिनन कार में सवार होकर मुंबई में लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचीं मैथिली ठाकुर चर्चा में हैं। बिहार की सबसे युवा विधायक मैथिली ने 2025 के चुनाव में कुल संपत्ति 3.82 करोड़ रुपए बताई थी।

मैथिली जिस कार में सवार थीं वह कितनी खास है? इनके पास कितनी संपत्ति है? कौन सी गाड़ी है? किसका सपोर्ट मिला? रोल्स रॉयस कुलिनन कार ब्रिटिश लग्जरी कार निमार्ता कंपनी रोल्स-रॉयस मोटर कार्स लिमिटेड बनाती है। यह इटुह अब्रकी सहायक कंपनी है। इन कारों का निर्माण इंग्लैंड के गुडवुड में किया जाता है। रोल्स-रॉयस कुलिनन के 2 वेरिएंट हैं। इसमें 6.75 लीटर का ट्विन टर्बो V12 इंजन लगा है। यह महिंद्रा की स्कॉर्पियो के इंजन से करीब 3 गुना बड़ा है।

स्कॉर्पियो में 2184cc का 4 सिलेंडर वाला इंजन है। वहीं, कुलिनन में 6750cc का 12 सिलेंडर वाला इंजन लगा है। यह 571 PS की पावर और 850 Nm का टॉर्क पैदा करता है। कुलिनन में ऑल-व्हील ड्राइव और रियर-व्हील स्टीयरिंग की सुविधा है। रियर-व्हील स्टीयरिंग आधुनिक ऑटोमोबाइल तकनीक है।

इसमें गाड़ी मोड़ने पर आगे के पहियों के साथ-साथ पिछले पहिये भी कुछ डिग्री तक घूमते हैं। इससे टर्निंग रेडियस कम हो जाता है और कम जगह में कार आसानी से मुड़ जाती है। यह फीचर 17.5 फीट लंबी इस गाड़ी को मोड़ना आसान बनाती है।

5.2 सेकंड में 0-100 kmph की रफ्तार पकड़ने वाली इस कार में 5 लोगों के बैठने की जगह है। कार में 'मैजिक-कार्पेट' एयर सस्पेंशन लगा है, जिससे सड़क पर मौजूद गड्ढे अंदर बैठे व्यक्ति को महसूस नहीं होते।

कार में 18 स्पीकर वाला खास स्टीरियो सिस्टम, पीछे की तरफ थिएटर स्क्रीन, शैंपेन कूलर, व्हिस्की डिकैंटर और पीछे की तरफ खुलने वाली व्यूइंग सुइट है।यह 6.6 किलोमीटर प्रति लीटर की माइलेज देती है। इसकी टंकी में 100 लीटर पेट्रोल भरा जा सकता है।



### क्या मैथली ठाकुर ने रोल्स-रॉयस कार ली है?

मैथली ठाकुर ने खुद रोल्स-रॉयस कुलिनन कार ली है या वह किसी और की कार में सवार थीं, इसके बारे में साफ जानकारी सामने नहीं आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मैथली उद्योगपति मुकेश अंबानी की मेहमान के तौर पर मुंबई गईं थीं। इसी यात्रा के दौरान वह रॉल्स रॉयस कार से भगवान गणेश के दर्शन करने गईं। सोमवार दोपहर तक रोल्स-रॉयस मामले में ट्रोल किए जाने पर मैथली ठाकुर का बयान मीडिया में नहीं आया है। दूसरी ओर बीजेपी सांसद और एक्ट्रेस कंगना रनोट ने मैथिली का बचाव किया है। कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर कर ट्रोलर्स पर निशाना साधा और सवाल उठाया कि नेताओं के अच्छे जीवन जीने पर लोगों को आपत्ति क्यों होती है।

### मैथली ठाकुर के नाम पर कौन सी गाड़ी है?

2025 के विधानसभा चुनाव में दिए गए शपथ पत्र में उन्होंने अपनी चल संपत्ति 2 करोड़, 32 लाख 33 हजार 255 रुपए की बताई थी। वाहन चल संपत्ति में आते हैं। मैथली ने बताया था कि उनके पास सिर्फ 20 हजार रुपए की होण्डा एक्टिवा स्कूटी है। मैथली ने पांच साल में अपनी आमदनी की जानकारी दी थी। इनके पास 1.50 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति थी। नवंबर 2025 में बिहार विधानसभा के चुनाव संपन्न हुए। मैथली 10 महीने से विधायक हैं। इस दौरान उन्हें सरकार से करीब 1.50 लाख रुपए प्रति महीना वेतन/भत्ते मिले हैं। कंगना रनोट ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, 'कुछ लोगों को नेताओं के अच्छे से रहने पर भी समस्या होती है। हमारी युवा विधायक मैथिली ठाकुर को लग्जरी कार का इस्तेमाल करने के लिए ट्रोल किया जा रहा है।

■ वर्ष-12 अंक-320 मूल्य- 2 रु.   मध्यप्रदेश   छत्तीसगढ़   गुजरात   महाराष्ट्र   राजस्थान   उत्तरप्रदेश   उत्तरांचल

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 23 सितम्बर, 2026

## सुभाषितानि

माधुर्यं अक्षरव्यक्तिः पदच्छेदस्तु सुस्वरः।
धैर्यं लयसमर्थं च षडेते पाठके गुणाः।।

**भावार्थ** : माधुर्य, स्पष्ट उच्चारण, मार्ग, मधुर स्वर, धैर्य और तप - ये एक पाठक के छह गुण हैं।

गीती शीघ्री शिरः कम्पी तथा लिखित पाठकः।
अनर्थज्ञोऽल्पकण्ठश्च षडेते पाठकाधमाः।।

**भावार्थ** : गाकर पढ़ना, जल्दी पढ़ना, पढ़ते समय सिर हिलाना, लिखा हुआ पढ़ना, बिना अर्थ जाने पढ़ना और धीमी आवाज में बोलना पाठक के छह दोष हैं।

## अधिकानां राशिनां कृते ग्राहकाः नगदरूपेण दातव्याः भविष्यन्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

अधिकानां राशिनां कृते ग्राहकाः नगदरूपेण दातव्याः भविष्यन्ति। विक्रेतारः कथयन्ति यत् नूतनव्यवस्थायाः अन्तर्गतं ते यूपीआई-व्यवहारयोः ०.४ प्रतिशतं व्यापारिक-छूट-दरस्य भारं वहन्ति। यतो हि पेट्रोलव्यापारे लाभान्तरं पूर्वनिर्धारितं भवति, अतः व्यापारिणः तर्कयन्ति यत् एतत् अतिरिक्तशुल्कं प्रत्यक्षतया तेषां परिचालनव्ययस्य वृद्धिं करिष्यति। विक्रेतारः तर्कयन्ति यत् नियतमार्जिनं प्रभावितं भविष्यति एसोसिएशनस्य अध्यक्षः अजयसिंहस्य मते पेट्रोलियमव्यापारे बृहत्संख्याकाः ग्राहकाः डिजिटलभुगतानपद्धतीनां उपयोगं कुर्वन्ति।

## सम्पादकीयम्

### कूटनीतिकः कदमः

रूसदेशे जयशंकरः, चीनदेशे डोवालः : एकत्रितरूपेण द्वयोः मोर्चयोः भारतस्य प्रमुखः कूटनीतिकः कदमः भारतस्य विदेशनीतिः सम्प्रति रूसी-चीन-मोर्चेषु सक्रियः अस्ति। विदेशमन्त्री एस.जयशंकरः रूसदेशे व्यापारस्य, ऊर्जायाः, वैश्विकविषयेषु च चर्चां कुर्वन् अस्ति, यदा तु राष्ट्रियसुरक्षासल्लाहकारः अजीत डोवालः चीनदेशे सीमाविवादस्य विषये वार्ताम् कर्तुं निश्चितः अस्ति। ब्रिक्स-शिखरसम्मेलनस्य, अमेरिकी-दबावस्य च मध्ये भारतं स्वस्य सामरिक-हितं साधयन् स्वसम्बन्धानां सन्तुलनं कर्तुं प्रयतते। भारतस्य द्वौ महत्त्वपूर्णौ कूटनीतिकभ्रमणौ युगपत् प्रचलति। विदेशमन्त्री एस जयशंकरः रूसदेशे अस्ति, एनएसए अजीत डोवालः चीनदेशे अस्ति। एताः भ्रमणाः चीनदेशेन सह तनावानां निवारणं, परिवर्तनशीलपरिस्थितेः सम्मुखे रूसदेशेन सह दीर्घकालीनसम्बन्धं सुदृढं कर्तुं च उद्दिश्य भारतस्य विदेशनीतेः भागाः सन्ति। सीमावार्ता : अजीत डोवाल सीमाविवादविषये चचार्सु भागं गृह्णीयात्। एतेषु वातार्सु द्विपक्षीयसम्बन्धसम्बद्धाः अनेकाः प्रमुखाः विषयाः सम्बोधिताः भविष्यन्ति। २०२४ तमस्य वर्षस्य अक्टोबर्-मासे रूसदेशस्य कजान्-नगरे ब्रिक्स-शिखरसम्मेलनस्य समये पीएम-नरेन्द्रमोदी-चीन-राष्ट्रपति-शी-जिन्पिङ्ग-योः मिलने द्विपक्षीय-तनावस्य पिघलनस्य आरम्भः अभवत् ततः परं द्वयोः राष्ट्रयोः संवादः वर्धितः अस्ति। परन्तु सुधारस्य लक्षणानाम् अभावेऽपि विश्वासः पूर्णतया पुनः स्थापितः इति वक्तुं न शक्यते; अरुणाचलप्रदेशे बीजिंगस्य वृत्तिः अस्य प्रमाणरूपेण कार्यं करोति।

### दिशा सलियन प्रकरणे सीबीआई एफआईआर रजिस्ट्री

# नामेषु आदित्यठाकरे इत्यादयः प्रसिद्धाः जनाः सन्ति आरोपेषु हत्या, सामूहिकबलात्कारः च अन्तर्भवति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई



सुशांतसिंहराजपूतस्य पूर्वप्रबन्धकस्य दिशासालियनस्य मृत्योः विषये सोमवासरे सीबीआइ-संस्थायाः प्राथमिकी कृता। एफआइआर-पत्रे आदित्यठाकरे-महाराष्ट्रस्य पूर्वमुख्यमन्त्री उद्धवठाकरे-पुत्रः शिवसेना-विधायकः च-चलच्चित्र-अभिनेता डिनो मोरिया-रिया-चक्रवर्ती-सहितं नाम अस्ति

ज्ञातव्यं यत् बम्बई उच्चन्यायालयेन सप्ताहद्वयात् पूर्वं अन्वेषणं केन्द्रीयसंस्थायाः कृते न्यस्तम् आसीत्। एफआईआर हत्या, सामूहिकबलात्कार, आपराधिक षड्यंत्र, प्रमाणानां विनाशः, मिथ्यासूचनाप्रदानं च इत्यादिभिः सम्बद्धानां खण्डानां आह्वानं करोति।

सीबीआई-प्रथमपत्रे आरोपः अस्ति यत् तत्कालीनस्य मुख्यमन्त्री उद्धवठाकरे इत्यादयः प्रकरणस्य दमनार्थं महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहन्ति स्म। अस्मिन् सम्बन्धितसरकारीकर्मचारिणां, पुलिसाधिकारिणां च अन्वेषणस्य आह्वानं कृतम् अस्ति, येषां विरुद्धं प्रकरणदस्तावेजान्, सञ्चिकाः, अन्ये च अभिलेखाः नष्टाः इति आरोपः अस्ति अपि च, अपराधिनां रक्षणार्थं अभिलेख-छेदने, सर्वकारीयधनस्य, पुलिस-यन्त्राणां च दुरुपयोगस्य आरोपाः सन्ति।

एफआईआर इत्यस्मिन् प्रमुखनामानि सीबीआई एफआईआर-अनुसारं आदित्यठाकरे, डिनो मोरेया, सूरजपञ्चोली, रिया चक्रवर्ती, तथा च पोस्टमार्टमपरीक्षायां विलम्बस्य उत्तरदायी वैद्याः, कर्मचारिणः च भूमिकानां अन्वेषणं अत्यावश्यकम्। अतः पूर्वं केन्द्रीयजागृतसंस्था पुलिसाय पत्रं लिखित्वा दिशासालियानस्य मृत्युसम्बद्धानि सर्वाणि दस्तावेजानि अभिलेखानि च अन्वेषणकार्य्ये सहायतार्थं याचितवान् आसीत्।

पिता सीबीआई सह वक्तव्यं अभिलेखयति दिशा सलियनस्य पिता सतीश सलियनः स्वपुत्र्याः मृत्योः अन्वेषणस्य विषये सीबीआइ-सङ्गठने स्वस्य वक्तव्यं अभिलेखितवान्। सः आरोपितवान् यत् महाराष्ट्रस्य पूर्वमुख्यमन्त्री उद्धवठाकरे, तस्य पुत्रः, शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्यठाकरे च सहितः अनेके व्यक्तिः षड्यंत्रं कृतवन्तः तदनन्तरं विषयस्य दमनार्थं प्रमुखा भूमिकां निर्वहन्ति। २०२० तमस्य वर्षस्य जूनमासे स्वपुत्र्याः मृत्योः अन्वेषणस्य समये मुम्बईपुलिसस्य लापरवाही इति आरोपितस्य दिशा सलियनस्य पित्रा दाखिलस्य याचिकायाः अनन्तरं बम्बई उच्चन्यायालयेन २ सितम्ब 'दिनाङ्के सीबीआई-जाँचस्य आदेशः दत्तः न्यायालयेन टिप्पणी कृता यत् पुलिस-अनुसन्धानेन यत् उत्तरं दत्तं तस्मात् अधिकाः प्रश्नाः उत्थापिताः।

उल्लेखनीयं यत् मुम्बईनगरस्य मलादक्षेत्रे आवासीयभवनस्य १४ तमे तलतः पतित्वा २०२० तमस्य वर्षस्य जूनमासस्य ८ दिनाङ्के दिशासालियनस्य मृत्युः अभवत्। तदनन्तरं बान्द्रानगरे स्वस्य फ्लैट् मध्ये अभिनेता सुशांतसिंहराजपूतः मृतः अभवत्। तस्मिन् समये मुम्बईपुलिसः अस्मिन् विषये आकस्मिकमृत्युप्रतिवेदनं पञ्जीकृतवान् आसीत्। सुशांतसिंहराजपूतस्य मृत्योः अनन्तरं कोलाहलस्य मध्यं महाराष्ट्रसर्वकारेण अस्य प्रकरणस्य सीबीआइ-जाँचस्य आदेशः दत्तः। पश्चात् एजेन्सी इत्यनेन समापनप्रतिवेदनं दाखिलं यत् राजपूतः आत्महत्याद्वारा मृतः इति; तथापि न्यायालयेन अद्यापि अस्य प्रतिवेदनस्य विषये विषयः न श्रुतः।

### यदा जीएसटी विभागस्य

## भौतिकसत्यापनार्थं पञ्जीकृतपतेः गतवान् तदा कोऽपि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

यदा जीएसटी विभागस्य दलं भौतिकसत्यापनार्थं पञ्जीकृतपतेः गतवान् तदा कोऽपि परिचालनसंस्थाः न प्राप्ताः। येषां व्यक्तिनां नामधेयेन एतानि फर्माणि पञ्जीकृतानि आसन् ते अतीव मामूलीपृष्ठभूमितः अभवन्:

चाय-स्टाल-विक्रेता : विकासयदु-नाम्ना पञ्जीकृतस्य 'अगस्त्य-उद्यमस्य' कृते 22.47 कोटिरूप्यकाणां कारोबारः ज्ञातः। पार्किंग अटेंडेण्ट् : अफजल अन्सारी (अंसारी ट्रेडर्स्) इत्यस्य नामधेयेन 30.71 कोटिरूप्यकाणां कारोबारः, 5.52 कोटिरूप्यकाणां दावा च अभिलेखः कृतः विद्युत्कर्ता तथा दैनिक मजदूरी मजदूर : मजहरखान (विद्युत्कर्मी) प्रतापसिंहवर्मा (दैनिकवेतनमजदूर) इत्येतयोः नाम्ना अपि कोटिरूप्यकाणां बोगसव्यवहाराः अभिलेखिताः आसन्।

स्वच्छताकर्मी : महेश फकीरा सोनी इत्यस्य नाम्ना स्थापितं 'महावीर इन्टरप्राइजेस्' इति नाम्ना 12.67 कोटिरूप्यकाणां धोखाधड़ीपूर्णव्यापारकारोबारः दर्शितः। नकलीबैङ्कखातेः माध्यमेन क्रियमाणाः लेनदेनाः अन्वेषणेन एतदपि ज्ञातं यत् एतेषां शेल्-संस्थानां कृते उद्घाटिताः बैंक-खाताः वस्तुतः नामकृतानां व्यक्तिनां न सन्ति। अभियुक्तेन जालीदस्तावेजानां हस्ताक्षराणां च उपयोगेन बैंकखाताः उद्घाटिताः।

## राशिफल

**मेष** : सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिलेंगे। आप दोनों के बीच विश्वास और अंडरस्टैंडिंग होनी चाहिए।

**वृषभ** : आगे की एक नई यात्रा के लिए तैयार हो जाइए और अपने करियर और निजी जीवन को एक साथ संतुलित करने का प्रयास करें।

**मिथुन** : आपको अपने रिश्ते में रोमांस बनाए रखने की जरूरत है ताकि आप दोनों इसे अगले लेवल पर ले जा सकें।

**कर्क** : नियमित रूप से हल्की-फुल्की बातचीत करना जरूरी है। इससे आपको मानसिक शांति पाने में मदद मिलेगी।

**सिंह** : आप एक साथ गहरा कनेक्शन स्थापित कर सकें। खर्च पर थ्कंट्रोल जरूरी है। थकान महसूस हो सकती है, आराम करें।

**कन्या** : आपका प्रेम जीवन समृद्ध रहेगा, जिससे आपको अपने साथी के साथ संवाद करने में आसानी होगी।

**तुला** : कुछ बड़ा हासिल करने के लिए अपने पर्सनल समय का त्याग करना होगा। प्रेम जीवन में चल रही दिक्कतें सॉल्व हो जाएंगी।

**वृश्चिक** : आपको अपने परिवार के लिए एक स्थिर स्थिति भी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। अपने काम पर फोकस करें।

**धनु** : इस सप्ताह ढेर सारे अवसर पाने के लिए आपको ईमानदार रहना चाहिए। आप देखेंगे कि आपकी प्रतिभा आपके काम आएगी।

**मकर** : आप अपना ख्याल रख सकें। आज का दिन आपके जीवन में खुशियां और संतुष्टि लेकर आने वाला है।

**कुंभ** : आपको अपने रिश्ते को बेहतर बनाने के लिए किसी बाहरी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

**मीन** : आप जो कुछ भी चाहते हैं उसे प्राप्त करना हमेशा संभव नहीं होता है, विशेषकर विलासिता की वस्तुएं।

## ज्योतिष/वास्तु

# राहु-चंद्रमा युतिः कुंभ राशि में बनेगा ग्रहण योग, धन हानि के संकेत और रहना होगा संभलकर



23 सितंबर को चंद्रमा-राहु की युति कुंभ राशि में बनेगी जिससे ग्रहण योग का निर्माण होगा। इस योग के चलते कई राशि वालों को सतर्क रहना होगा।

ज्योतिष में समय-समय पर ग्रहों की युति के चलते कई तरह के शुभ-अशुभ योगों का निर्माण होता है। ज्योतिष में राहु-चंद्रमा की युति से ग्रहण योग बनता है जिस अशुभ योग माना जाता है। आपको बता दें चंद्रमा 23 सितंबर शनि के स्वामित्व वाली राशि कुंभ में गोचर करेंगे, जहां पर पहले से राहु ग्रह भी विराजमान हैं। राहु-चंद्रमा की युति ग्रहण योग बनेगा। कुंभ राशि में ग्रहण योग के चलते कई राशि वालों के जीवन में आर्थिक और करियर में नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकता है। आइए जानते हैं 23 सितंबर से लगने वाला ग्रहण योग से किन-किन राशि वालों को सावधान रहना होगा।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए आने वाले कुछ दिनों में सावधान रहने की जरूरत है। चंद्रमा आपकी राशि से अष्टम भाव में होकर राहु के साथ मिलकर ग्रहण योग बनाएंगे। जिसके चलते आपके खर्चों में अचानक से बढ़ोतरी हो सकती है। आपकी छवि पर नकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। आने वाले कुछ दिनों में आपको करियर पर विशेष ध्यान रखना होगा नहीं तो आपकी मुसीबतें बढ़ सकती हैं।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों के लिए राहु-चंद्रमा की युति से बना ग्रहण योग आपकी राशि से छठे भाव में बनेगा। कुंडली का छठा भाव शत्रु, रोग और बाधाओं का होता है। ऐसे में ग्रहण योग के बनने पर आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ी फूंकफूंक कदम रखना होगा। आर्थिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी सतर्कता बरतनी होगी। लेनदेन से संबंधित मामलों में आपको किसी दूसरे पर भरोसा करने से बचना होगा।

**मीन राशि-** मीन राशि वालों पर भी ग्रहण योग का नकारात्मक प्रभाव रहेगा। यह योग आपकी राशि से द्वादश भाव में बनेगा जोकि धन हानि का भाव कहा जाता है। ऐसे में ग्रहण योग के चलते आपको करियर और आर्थिक मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही करने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कार्यों पर ज्यादा ध्यान रखना होगा। नहीं तो परेशानियां आपका पीछा नहीं छोड़ेगी।

### एशियन गेम्स-पुरुष बैडमिंटन टीम का मेडल पक्का, रोशिबिना वुशु के सेमीफाइनल में

# महिला क्रिकेट टीम ने भारत को गोल्ड दिलाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एशियन गेम्स के तीसरे दिन भारत को पहला गोल्ड मिला। जबकि, पुरुष बैडमिंटन टीम ने सेमीफाइनल में पहुंचकर एक मेडल पक्का किया।

मंगलवार को भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम ने फाइनल में श्रीलंका को हराया। वहीं, भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने मेजबान जापान को 3-0 से हराकर टॉप-4 में जगह बनाई।

इसके अलावा, मुक्केबाज जदुमणि सिंह ने मेंस 55 किग्रा में चंद्र बहादुर थापा को 5-0 से हराकर राउंड ऑफ-16 में जगह बनाई। वहीं, भारतीय विमेंस बैडमिंटन टीम मेडल रेस से बाहर हो गई।

**चीन ने 50 मेडल पूरे, भारत टॉप-10 में आया-** चीन 50 मेडल जीतने वाला पहला देश चीन बन गया। उसने अब तक 31 गोल्ड, 12 सिल्वर और 7 ब्रॉन्ज सहित कुल 50 मेडल जीते हैं। भारत एक गोल्ड सहित 7 मेडल के साथ 8वें स्थान पर आ गया है।

**स्मृति मंधाना की अर्धशतकीय पारी से जीता भारत-** भारत ने विमेंस क्रिकेट के फाइनल में श्रीलंका पर जीत दर्ज की। इस मैच में स्मृति मंधाना ने 79 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

**वुशुः रोशिबिना देवी ने मेडल पक्का किया-** भारत की रोशिबिना देवी ने महिला 69 किग्रा सांडा के क्वार्टर फाइनल में मकाऊ चीन की चू मैन सिन को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। इसके साथ ही उनका मेडल पक्का हो गया। वे हांगझोउ एशियाड में सिल्वर मेडल जीत चुकी हैं।

**बॉक्सिंगः जदुमणि ने चंद्र बहादुर थापा को हराया-** भारतीय मुक्केबाज जदुमणि सिंह ने चंद्र बहादुर थापा को 5-0 से हराकर राउंड ऑफ-16 में जगह बना ली। मुकाबले में थापा को जदुमणि के जोरदार लेफ्ट हुक के बाद स्टैंडिंग काउंट भी मिला। इसके बाद थापा ने मुकाबला जारी रखा, लेकिन जदुमणि ने बढ़त बनाए रखी। भारतीय मुक्केबाज ने एक और शानदार काउंटर पंच लगाया और सर्वसम्मत फैसले से मुकाबला अपने नाम किया।

**बैडमिंटन- भारतीय मेंस टीम ने जापान को हराया-** बैडमिंटन में भारतीय पुरुष टीम ने मेजबान जापान को 3-0 से हराया। टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है। इसके साथ ही भारत का कम से कम ब्रॉन्ज मेडल पक्का हो गया है।



### भारत को पहला गोल्डःभारतीय विमेंस क्रिकेट टीम ने लगातार दूसरी बार सोना जीता; श्रीलंका को 147 रन से हराया

भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम ने लगातार दूसरी बार एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीत लिया है। टीम ने मंगलवार को फाइनल में श्रीलंका को 147 रन से हराया। भारत ने 2022 हांगझोउ एशियन गेम्स में भी गोल्ड मेडल जीता था। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 216 रन बनाए। यह एशियन गेम्स में भारतीय विमेंस टीम का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। 217 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम 15.4 ओवर में 69 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए स्मृति मंधाना ने 79, ऋचा घोष ने नाबाद 49 और शेफाली वर्मा ने 48 रन की पारी खेली। मंधाना और शेफाली के बीच पहले विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी हुई। मंधाना ने इस पारी के दौरान विमेंस इंटरनेशनल क्रिकेट में 11 हजार रन भी पूरे किए। श्रीलंका की टीम 15.4 ओवर ही खेल सकी। चामरी अटापट्टू ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाए, जबकि कौशिनी नुथ्यांगना ने 14 और कविशा दिलहारी ने 11 रन बनाए। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। शेफाली वर्मा, श्रेयंका पाटिल और श्री चरणी को भी 2-2 विकेट मिले।

# इंग्लैंड ने श्रीलंका को 89 रन से हराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेस्टर ली स्ट्रीट

इंग्लैंड ने पहले वनडे में श्रीलंका को 89 रन से हरा दिया। चेस्टर-ली-स्ट्रीट में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 265 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 176 रन पर ऑलआउट हो गई। विल जैक्स ने 8.2 ओवर में 22 रन देकर 5 विकेट लिए। यह वनडे में किसी इंग्लिश स्पिनर का दूसरा सबसे अच्छा प्रदर्शन है। जैक्स ने बल्ले से भी नाबाद 46 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इंग्लैंड ने 31.1 ओवर में 182/3 रन बना लिए थे। कप्तान हैरी ब्रुक 67 और जो रूट 44 रन बनाकर क्रीज पर थे। ब्रुक के आउट होने के बाद इंग्लैंड की पारी लड़खड़ा गई। 182 से 211 रन के बीच टीम ने 4 विकेट गंवा दिए। जोस बटलर 31, रेहान अहमद 2 और जेमी ओवरटन 8 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विल जैक्स ने निचले क्रम के साथ मिलकर स्कोर को 265 तक पहुंचाया। उन्होंने 47 गेंद पर नाबाद 46 रन बनाए। 47वें ओवर में जैक्स ने दुष्मंथा चमीरा के खिलाफ लगातार चार चौके लगाए। श्रीलंका के 23 साल के लेग स्पिनर सचिंदु कोलंबगे का डेब्यू यादगार रहा। उन्होंने 10 ओवर में 44 रन देकर 3 विकेट लिए। कोलंबगे ने अपना पहला इंटरनेशनल विकेट जो रूट का लिया। उन्होंने रूट को 44 रन पर बोल्ड किया। इसके बाद जोस बटलर और जेमी ओवरटन को भी आउट किया। 265 रन के जवाब में श्रीलंका का रन चेज कभी लय में नहीं आया। कप्तान कुसल मेंडिस ने वापसी करते हुए 42 रन बनाए। दुनिथ वेलालागे ने 45 रन की पारी खेलकर हार का अंतर कम किया। लेकिन विल जैक्स और जेमी ओवरटन की गेंदबाजी के सामने श्रीलंका का मिडिल ऑर्डर टिक नहीं सका। 133 रन तक टीम के 7 विकेट गिर चुके थे। इसके बाद वेलालागे ने कुछ तेज शॉट लगाए, लेकिन जैक्स ने उन्हें भी आउट कर दिया।

# साउथ अफ्रीकी क्रिकेटर कोलिन इंग्राम ने संन्यास लिया

### आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेले, टी-20 में ओवरऑल 9 हजार से ज्यादा रन बनाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कार्डिफ



साउथ अफ्रीका के क्रिकेटर कोलिन इंग्राम ने प्रोफेशनल क्रिकट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। इंग्राम ने मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप सीजन में ग्लेमोर्गन के लिए आखिरी मैच खेला। इस सीजन में उन्होंने 12 मैचों में 628 रन बनाए। इंग्राम आईपीएल में दिल्ली कैपिटिल्स के लिए 15 मैच खेल चुके हैं। उन्होंने ओवरऑल 378 टी-20 मैचों में 9,017 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 138.50 रहा।

इंग्राम ने अपने पोस्ट में कहा- 20 साल से ज्यादा समय तक इस खेल का हिस्सा रहा। अब इससे विदा होने का समय आ गया है। 41 मेरी जर्सी नंबर रही, जो मेरे लिए सपनों का प्रतीक है। अब 41 की उम्र में उस सपने को जीकर क्रिकेट से दूर हो रहा हूं।

कोलिन ने अपने फ्यूचर प्लान पर बात करते हुए कहा- अब मेरे करियर का अगला अध्याय बाउंड्री के बाहर शुरू होगा। मैं कोचिंग के जरिए क्रिकेट से जुड़ा रहूंगा।

**साउथ अफ्रीका के लिए 40 मैच खेले-** इंग्राम ने 2004-05 सीजन में घरेलू क्रिकेट में डेब्यू किया था। अक्टूबर 2010 में जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्हें साउथ अफ्रीका की टीम में जगह मिली। उन्होंने 2010 से 2013 के बीच टीम के लिए 31 वनडे और 9 टी-20 इंटरनेशनल खेले। वनडे में इंग्राम ने 31 मैचों में 843 रन बनाए। उनका औसत 32.42 रहा। वहीं 9 टी-20 इंटरनेशनल में उन्होंने 210 रन बनाए और स्ट्राइक रेट 129.62 रहा।

**आईपीएल में दिल्ली के लिए 205 रन बनाए-** इंटरनेशनल क्रिकेट से अलग होने के बाद इंग्राम ने फ्रेंचाइजी टी-20 क्रिकेट में लंबा करियर बनाया। उन्होंने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए 15 मैच खेले। इस दौरान उन्होंने 113.89 की स्ट्राइक रेट से 205 रन बनाए। 47 रन उनका बेस्ट स्कोर रहा।

इसके अलावा उन्होंने बिग बैश लीग, आईएलटी20, कैरेबियन प्रीमियर लीग, द हंड्रेड, पाकिस्तान सुपर लीग और एसए20 समेत कई लीग में हिस्सा लिया।

## खबर एक नजर...

### जेसीबी के नीचे दबे बिहार के मजदूर की थमी सांसे

**उज्जैन।** बिहार का रहने वाला नवीन पिता संजय मांझी कुछ महिनों पहले मजदूरी के लिये उज्जैन आया था। नीलगंगा थाना क्षेत्र में बन रहे यूनिटी मॉल के पास काम के दौरान 17 सितंबर को उसके ऊपर जेसीबी चढ़ गई थी। दबने से गंभीर घायल मजदूर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान सोमवार-मंगलवार रात मौत हो गई। नीलगंगा थाना एसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि घटनाक्रम समाने आने के बाद जेसीबी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया था। मौत होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजन जेसीबी के नीचे दबने की सूचना मिलने पर पहले ही उज्जैन पहुंच गये थे। पोस्टमार्टम के बाद शव बिहार लेकर गये है।

### झालावाड़ में रहने वाली महिला की उज्जैन में मौत

**उज्जैन।** राजस्थान के झालावाड़ स्थित गंगाधर ग्राम ढाबला सिया से 19 सितंबर को घायल हालत में रूकमाबाई पति मोहनलाल को परिजन उज्जैन लेकर आये थे। उसका उपचार इंदौररोड स्थित निजी अस्पातल में चल रहा था। सोमवार रात रूकमाबाई की मौत हो गई। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया गया और परिजनों से पूछताछ की गई। उन्होने बताया कि रूकमाबाई भानेज रमेशचंद्र की बाइक से गिरने पर घायल हुई थी। उसे झालावाड़ अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां रैफर कर दिया गया था, उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे। एसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन झालावाड़ लेकर गये है।

### युवक ने अश्लील इशारे कर महिला का धमकाया

**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र के बिहारी कालोनी के पीछे रहने वाली महिला रात 10 बजे के लगभग घर के बाहर खड़ी थी। उसी दौरान नागझिरी का रहने वाला राहुल पिता कन्हैयालाल कटारिया वहां पहुंचा और महिला को अश्लील इशारे करने लगा। महिला ने उसकी हरकतों का विरोध किया तो राहुल ने गाली-गलौच करते हुये धमकाया और बोला कि तुमसे जो बने कर लो। महिला के परिवार ने भी विरोध किया तो उन्हे भी धमकी देकर भाग निकला। सुबह महिला ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### छोटी मायापुरी में महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** छोटी मायापुरी में रहने वाली मोनिका पति राजेश रायकवार 30 साल ने मंगलवार दोपहर को जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख उपचार के लिये भर्ती किया। मोनिका के जहर खाने की सूचना ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा पुलिस को दी गई है। बताया जा रहा है कि हालत में सुधार आने पर पुलिस बयान दर्ज करेगी। मोनिका ने संभवतः पारिवारिक विवाद के चलते आत्मघाती कदम उठाया है।

### बहादूरगंज से बाइक चोरी, सीसीटीवी में दिखा बदमाश

**उज्जैन।** बहादूरगंज में रहने वाला आशीष पंवार एचडीएफसी बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर है। रविवार-सोमवार रात उसने अपनी बाइक क्रमांक एमपी 13 ईएस 2309 घर के बाहर खड़ी की थी। मंगलवार सुबह बाइक दिखाई नहीं दी तो आसपास तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये तो रात 10.30 बजे के लगभग एक बदमाश बाइक चोरी करता दिखाई दिया। आशीष पंवार ने मामले की शिकायत कोतवाली थाना पुलिस को दर्ज कराई है। पुलिस फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है, कैमरे वारदातस्थल से दूर लगे थे, जिसके चलते बदमाश का चेहरा स्पष्ट दिखाई नहीं दिया है। पुलिस आसपास लगे कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है।

### ससुराल वालों पर दर्ज कराया दहेज प्रताड़ना का केस

**उज्जैन।** नागदा की दयानंद कालोनी में रहने वाली आशा राठौर 26 साल का कुछ साल पहले रतलाम स्थित अमृत सागर निर्माण समिति में रहने वाले पुष्पेन्द्र राठौर से विवाह हुआ था। शादी के बाद आशा को ससुराल वाले दहेज के लिये मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। वह मायके आ गई थी, लेकिन ससुराल वालों की प्रताड़ना कम नहीं हुई। आशा ने नागदा थाने पहुंचकर पति, ससुर-सास के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज कराया। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि मामले में जांच शुरू की गई है। ससुराल पक्ष की गिरफ्तारी कर बयान दर्ज किये जायेगें।

### महाराष्ट्र समाज के गणेशोत्सव में हुई ज्ञान स्पर्धा

**उज्जैन।** महाराष्ट्र समाज उज्जैन द्वारा गणेशोत्सव के अंतर्गत क्षीरसागर स्थित तिलक स्मृति मंदिर में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस रोचक मुकाबले में कुल छह टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तन्मय साकोरीकर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं तुषार मुजुमदार टीम द्वितीय और अमित सुपेकर टीम तृतीय स्थान पर रही। अतिथियों द्वारा विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए गए। गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष संजय दिवटे ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष विवेक जोशी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय शिक्षा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक संदीप नाडकर्णी और शासकीय महाविद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता राजेश साकोरीकर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजन में समिति अध्यक्ष संजय दिवटे सहित विश्वास कराड़कर, सदाशिव नायगांवकर, चंद्रकांत फटाले, प्रदीप जोग और रवींद्र आयाचित ने अतिथियों का स्वागत किया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 169-6 | 140-5 |
| मेन बाजार | 368-7 | 578-0 |
| मिलन डे | 468-8 | 349-6 |
| मिलन नाइट | 568-9 | 179-7 |

5 8 0

---

### पति ने वेंटिलेशन से देखा तो फंदे पर लटकी थी पत्नी

# घट्टिया में बुजुर्ग और युवक ने भी लगाई फांसी

**ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन**

फांसी लगाकर आत्महत्या करने के तीन मामले मंगलवार को सामने आये। एक मामले में पति ने दरवाजा नहीं खोलने पर वेंटिलेशन से देखा तो पत्नी फंदे पर लटकी मिली। बुजुर्ग घर से दूर खेत में आम के पेड़ पर लटका था। वहीं युवक ने घर में फांसी लगाई थी जिसकी अस्पताल में मौत हो गई।

पहला मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के तिरूपतिधाम कालोनी से सामने आया। रात 2 बजे के लगभग शिवानी मालवीय 22 साल को पति हीरालाल मालवीय चरक अस्पताल लेकर पहुंचा था। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तो सामने आया कि शिवानी ने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगाई है। पति से पूछताछ में बताया कि शिवानी से उसने 2 साल पहले प्रेम विवाह किया था। शिवानी सेंटपाल स्कूल के पास कर रहने वाली थी उसके माता-पिता भी प्रेम विवाह से नाराज नहीं थे। पति का कहना था कि वह ड्रायवर है रात में सवारी लेकर बाहर जाना था, शिवानी ने विवाद किया और रात का काम छोड़ने की बात कहीं। उसने काम छोड़ने पर घर कैसे चलायेगें कहा तो उसने विवाद किया था और दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक नहीं खोला तो वेंटिलेशन देखा। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।



#### रातभर घर नहीं लौटा था बुजुर्ग

दूसरा मामला घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम डाबरी का है। रात में नारायण पिता पीरूसिंह 52 साल घर नहीं लौटा था। परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन कहीं नहीं मिला। मंगलवार सुबह 6 बजे ग्रामीणों ने उसे घर से 100 मीटर दूर खेत किनारे आम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका देखा। परिजनों ने बताया कि शराब पीने के आदी थे। कई बार रात में घर नहीं आते थे तलाश करनी पड़ती थी। रात में कहीं नहीं मिले थे। पुलिस के अनुसार फिलहाल फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है।

#### अस्पताल में हुई युवक की मौत

फांसी लगाने का तीसरा मामला घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम निपानिया का है। यहां रहने वाले मनोज पिता रामसिंह कुशवाह ने सोमवार दोपहर को घर में फांसी लगा ली थी। परिजनों ने उसे फंदे से उतारा था। सांस चलने पर उज्जैन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। मंगलवार तड़के मनोज की मौत होने पर नीलगंगा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। मनोज के फांसी लगाने की जांच घट्टिया थाना पुलिस द्वारा मर्ग डायरी मिलने पर शुरू की जायेगी।

### रात 2 बजे अलखनंदा नगर में पुलिस का रेस्क्यू

# आग के बीच मकान में फंसे थे परिवार के सदस्य

**ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन**

अलखनंदा नगर में सोमवार-मंगलवार एक मकान में रात डेढ़ बजे आग लग गई। पुलिस मौके पर पहुंची तो परिवार के पांच सदस्य ऊपरी मंजिल पर फंसे थे। रात 2 बजे रेस्क्यू शुरू किया और कुछ देर की मशक्कत के बाद सभी का सुरक्षित रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि अलखनंदा नगर में रहने वाले मोघिया परिवार के 2 मंजिला मकान में रात डेढ़ बजे आग लगने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे थे। आग नीचे लगी थी, पहली और दूसरी मंजिल पर परिवार के पांच सदस्य फंसे थे। लपटे उठने और धुआं फैलने परिवार के साथ डेढ़ साल मासूम घबरा गये थे। आसपास के लोगों ने फायर बिग्रेड का सूचना पहुंचाई थी। इसी बीच पुलिस ने मकान में फंसे परिवार को सुरक्षित बाहर निकालने के लिये रेस्क्यू शुरू किया। फायर बिग्रेड के कर्मचारी भी मौके पर आ गये थे। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद परिवार को ऊपरी मंजिल से सीढियों के माध्यम से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। फायर बिग्रेड कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किये। 3 फायर फायटर की मदद से 1 घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। मोघिया परिवार के सदस्यों में अनमोल, आयुष, महक, मीनादेवी और डेढ़ वर्ष का दिवान शामिल थे। सभी का सफलता पूर्वक रेस्क्यू किया गया।



#### शार्ट सर्किट मकान में फैली आग

बताया जा रहा है कि आग निचली मंजिल के मेनगेट के पास लगी थी। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट होना सामने आया है। मेनगेट के पास बने कमरे आग की चपेट में आ गये थे, जिससे आग और धुएं ने विकराल रूप ले लिया था। कमरों के पास से ही ऊपरी मंजिल पर जाने का रास्ता था। जो आगजनी से घिर गया था, परिवार के सदस्य नीचे नहीं आ सकते थे। आग देख आसपास के लोग भी दहशत में आ गये थे। गनीमत रही कि आगजनी में आसपास के मकान नहीं आये।

#### आगजनी में लाखों का हुआ नुकसान

थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि परिवार ने आगजनी में लाखों का नुकसान होना बताया है। जनहानि नहीं हुई, आग में घर का काफी समान जला है। जिसमें फर्नीचर और घरेलू सामान बताया गया है। परिवार मंगलवार दोपहर आगजनी की शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचा था। मामले में जांच शुरू की जायेगी।

# विवाद पुजारी-साधुओं का मुक्का मारा एसआई को



**ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन**

कालभैरव मंदिर में मंगलवार शाम पुजारी और कुछ साधुओं के बीच विवाद हो गया। घटनाक्रम का पता चलने पर एसआई मौके पर पहुंचे। एक साधु ने एसआई को मुक्का मार दिया। साधु कार्रवाई की मांग कर रहे थे। लेकिन बाद में मामला शांत करा दिया।

बताया कि कालभैरव मंदिर से बाबा की सवारी निकलने से पहले कुछ साधुओं का मंदिर के पुजारी से विवाद हो गया था। साधुओं ने मंदिर के गेट पर बैठ कार्रवाई की मांग शुरू कर दी। एसआई महेन्द्रसिंह सेंधव साधुओं से चर्चा करने पहुंचे और उन्हे मामले की जांच करने का आश्वासन दिया लेकिन साधुओं का कहना था कि कार्रवाई की जाये। एसआई सेंधव चर्चा कर रहे थे उसी दौरान एक साधु ने एसआई को मुक्का मारा, जो एसआई की छाती पर लगा, घटनाक्रम देख अन्य साधुओं ने मुक्का मारने वाले का पीछे खींच लिया। एसआई ने धैर्य रखा और साधुओ को जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। मामले में थाना प्रभारी शैलेन्द्रसिंह राजावत ने बताया कि विवाद की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। साधुओं को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। साधु कार्रवाई के मांग पर अड़े थे।

# उज्जैन के 205 दिव्यांगों को हरिद्वार में बाबा रामदेव ने रुद्राक्ष भेंट कर दिया आशीर्वाद

**ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन**

अध्यक्ष श्याम माहेश्वरी और सचिव विट्ठल नागर के नेतृत्व में सशक्त समर्थ विकलांग सेवा शिक्षा एवं प्रशिक्षण समिति के अंतर्गत समर्थ सेवा संस्था द्वारा आयोजित आठ दिवसीय निःशुल्क तीर्थ यात्रा के तहत उज्जैन के 205 दिव्यांग एवं सहयोगी श्रद्धालु हरिद्वार में बाबा रामदेव से मिलने पहुंचे। बाबा रामदेव ने समर्थ सेवा संस्थान के दिव्यांगों से मुलाकात कर सभी को रुद्राक्ष की माला भेंट की और उज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

संस्था उपाध्यक्ष दीपक राजवानी ने बताया कि श्रद्धालुओं ने बद्रीविशाल धाम दर्शन के बाद हरिद्वार व ऋषिकेश का भ्रमण किया। 23 सितंबर की सुबह हरिद्वार रेलवे स्टेशन से उज्जैनी एक्सप्रेस से वापसी होगी और 24 सितंबर को यात्री उज्जैन पहुंचेंगे। यात्रियों के लिए हरिद्वार के नागली बेला स्थित आस्था धाम आश्रम में आवास व्यवस्था की गई है।

यह आयोजन संस्था अध्यक्ष श्याम माहेश्वरी, विक्रम चंद्रवंशी, महिला प्रमुख सरोज अग्रवाल, रीना सेंगर, सचिव विट्ठल नागर, सुनिल माहेश्वरी तथा यात्रा संयोजक आनंद पुरोहित और ओम पाटीदार के नेतृत्व में हो रहा है। यात्रा को सफल बनाने में समर्थ सेवा परिवार के चंद्रशेखर मुंदड़ा, रमेश चतुर्वेदी, राजेन्द्र शाह, दीपक राजवानी, रामेश्वर नागर, कैलाश मुंदड़ा, श्याम नागर, विजय गोयल, रविन्द्र मुले, नवल माहेश्वरी, प्रमोद जैथलिया, अरुण नीमा ने सहयोग किया।

### शंकु यंत्र पर देखी जा सकेगी खगोलीय घटना

# आज 12-12 घंटे की होगी दिन-रात की अवधि

**ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन**

पृथ्वी के सूर्य के चारों परिक्रमण के कारण आज दिन-रात की अवधि 12-12 घंटे की रहेगी। दिन-रात के बराबर होने की खगोलीय घटना को शासकीय जीवाजी वेधशाला पर शुंक यंत्र के माध्यम से देखा जा सकेगा। सूर्य विषुवत रेखा पर लंबवत होगा।

जीवाजीराव वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र कुमार गुप्त ने बताया कि 23 सितंबर को सूर्य सायन तुला राशि में प्रवेश करेगा। इस दिन सूर्य की क्रांति 0 अंश 06 कला दक्षिण तथा स्थिति सायन तुला राशि में 0 अंश 15 कला 40 विकला होगी। गुरूवार 24 सितंबर से सूर्य की किरणों की तीव्रता उत्तरी गोलार्द्ध में धीरे-धीरे कम होने लगेगी, जिससे शरद ऋतु का प्रारंभ माना जाता है। आज सूर्य विषुवत रेखा पर लंबवत रहेगा, जिसके चलते दिन-रात की अवधि 12-12 घंटे की रहेगी। खगोलीय घटना में जिज्ञासा रखने वालों के लिये शासकीय जीवाजी वेधशाला उज्जैन में इस घटना को शंकु यंत्र और नाड़ीवलय यंत्र के माध्यम से प्रत्यक्ष देखा सकेगें। बुधवार (आज) शंकु की छाया पूरे दिन विषुवत रेखा पर सीधी रेखा में गमन करती दिखाई देगी। वहीं नाड़ीवलय यंत्र के उत्तरी और दक्षिणी गोल भागों पर सूर्य की रोशनी में होने वाला परिवर्तन भी देखा जा सकेगा। 23 सितंबर को दोनों गोल भागों पर धूप नहीं होगी, जबकि 24 सितंबर से अगले छह माह तक नाड़ीवलय यंत्र के दक्षिणी गोल भाग पर सूर्य की धूप दिखाई देगी।

**22 दिसंबर को होगा सबसे छोटा दिन-** सूर्य के दक्षिणी गोलार्द्ध में लगातार आगे बढ़ने के कारण उत्तरी गोलार्द्ध में दिन छोटे और रातें बड़ी होती जाएंगी। यह क्रम 22 दिसंबर तक चलेगा। इस दिन भारत सहित उत्तरी गोलार्द्ध में वर्ष का सबसे छोटा दिन और सबसे बड़ी रात होगी।

# रतलाम में कुत्ते का डंडे से सिर, दोनों आंखें फोड़ी

### आरोपी पर पशु क्रुरता का प्रकरण दर्ज

**ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन**

रतलाम शहर के औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत डीजल शेड रोड पर पशु क्रूरता और इंसानियत को शर्मसार करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां अशरफ नामक व्यक्ति ने एक कुत्ते को डंडे से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया और उसकी दोनों आंखें फोड़ दीं। इस बर्बरता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर मामला पुलिस के सामने पहुंचा और आरोपी के विरूद्ध पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

घटना सोमवार (21 सितंबर 2026) शाम करीब 4:00 बजे की है। डीजल शेड रोड, पानी की टंकी के पास रहने वाले संजू भूरिया ने बताया कि वे अपने घर पर मौजूद थे, तभी बाहर कुत्ते के जोर-जोर से रोने और चीखने की आवाज सुनाई दी। जब वे बाहर निकले, तो उन्होंने देखा कि पड़ोस में रहने वाला अशरफ एक 4 वर्षीय सफेद-भूरे रंग के कुत्ते पर डंडे से बेरहमी से वार कर रहा था।

संजू और उनके साथी जीवन सूर्यवंशी ने जब अशरफ को रोकने की कोशिश की, तो आरोपी और अधिक आक्रामक हो गया और



कुत्ते को घसीटते हुए दूर ले गया। संजू और जीवन ने किसी तरह कुत्ते को अशरफ के चंगुल से छुड़ाया। बचाव के बाद जब प्रत्यक्षदर्शियों ने कुत्ते को देखा, तो उसकी हालत अत्यंत दयनीय थी। डंडे के हमले से कुत्ते का सिर फट गया था, खून बह रहा था और उसकी दोनों आंखें बुरी तरह से फूट चुकी थीं। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत बेजुबान को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी।

घटना की शिकायत दर्ज कराने संजू भूरिया अपने साथी अमित एंथोनी के साथ औद्योगिक क्षेत्र थाने पहुंचे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अशरफ के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 325 एवं पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। मामले की जांच उप-निरीक्षक गिरधारी लाल परमार कर रहे हैं। रतलाम में पूर्व में भी महिलाओं के द्वारा एक कुत्ते के बच्चे को वाहन से खिंचने का मामला सामने आया था।

### बजरंग कॉलोनी में सड़क चौड़ीकरण का विरोध

**ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन**

जयसिंहपुरा स्थित बजरंग कॉलोनी में प्रस्तावित 40 फीट सड़क चौड़ीकरण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। प्रगतिशील महिला सुरक्षा संघ ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर, उज्जैन संभागायुक्त, जोन क्रमांक 3 और आयुक्त नगर निगम को शिकायत कर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के परिजनों द्वारा अपने रसूख का उपयोग कर निजी लाभ के लिए इस मार्ग का अलाइनमेंट बदला जा रहा है। संगठन की राष्ट्रीय वित्त सचिव और प्रदेशाध्यक्ष रानी खान द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार, जयसिंहपुरा प्रस्तावित अंडरपास से चारधाम पार्किंग नूतन स्कूल तक 40 फुट रोड बनाई जानी है। आरोप है कि मुख्यमंत्री के परिजनों ने हाल ही में 8.5 बीघा जमीन खरीदी है, जहां वे आलीशान होटल बनाना चाहते हैं। इस होटल को रास्ता देने की मंशा से ही योजना में फेरबदल कर सड़क को जबरन बजरंग कॉलोनी से निकाला जा रहा है। इससे 200 मीटर अंदर रहने वाले 56 वंशी समाज के हजारों सनातनियों के घर और वहां स्थित प्राचीन छप्पन भगवान तक्षक नाग महाराज का निवास नष्ट हो जाएगा। संघ ने ज्ञापन में उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के उस निर्देश का भी हवाला दिया है, जिसमें शिप्रा नदी घाट से 200 मीटर के दायरे में आने वाले सभी अवैध निर्माण, मठ, होटल और रेस्टोरेंट हटाने को कहा गया है। संघ ने प्रशासन को सुझाव दिया है कि 40 फीट का रास्ता बजरंग कॉलोनी के बजाय छह अन्य विकल्पों से बनाया जा सकता है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com